

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 इजराईल के खिलाफ उतरे 8 मुस्लिम देश..... | चैपियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश..... 11

वर्ष : 12 | अंक : 247 | पटना, शनिवार, 21 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली /एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से अपने मंत्रालय से सम्बंधित विधेयक संयुक्त समिति को सौंपे जाने वाला दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के लिए कहा। इसके बाद उनके सदन की कार्यवाही शुरू करते ही विपक्ष के सदस्यों का हंगामा और तेज होने लगा।अध्यक्ष ने सदस्यों के कहा मैं आपसे पुनः आग्रह करता हूं कि संसद की गरिमा और मयार्दा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। संसद भवन परिसर में किसी भी तरह का धरना, प्रदर्शन करना उचित नहीं है। आप सभी को इस विषय से जुड़े नियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करना होगा। मैं फिर आग्रह करूंगा कि इसे गंभीरता से लें और किसी भी स्थिति में संसद परिसर में प्रदर्शन ना करें, वरना करवाई की जा सकती है। श्री बिरला ने वंदे मातरम के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

### राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित :

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। राज्यसभा का 266वां सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था। सदन के इस सत्र में 19 बैठकें हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के बीच श्री धनखड़ ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले कहा कि भारत के लोकतंत्र पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई हैं। यह उच्च सदन है और इसका विशेष उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सदन में मात्र 40.03 प्रतिशत उत्पादकता रही और मात्र 43 घंटे 27 मिनट सदन की कार्यवाही चली।



### एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक जेपीसी को भेजा गया

लोकसभा ने बहुचर्चित एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक शुक्रवार को संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया। विधेयक पर विचार के लिए गठित जेपीसी में कुल 39 सदस्य हैं, जिनमें 27 सदस्य लोकसभा से और 12 राज्यसभा के हैं। ये सदस्य इस विधेयक में संशोधन से जुड़े सभी पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श करेंगे। समिति में लोकसभा के सदस्यों में पीपी चौधरी, डॉ सीएम रमेश, बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तम भाई रूपला, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, भर्तृहरि महताब, डॉ समित पात्रा, अनिल बलूनी, विष्णु दत्त शर्मा, बैजयंत पांडा, डॉ संजय जयसवाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, छोटेलाल, कल्याण बनर्जी, टीएम सेल्वगणपति, जीएम हरिध बालयोगी, अनिल यशवंत देसाई, सुप्रिया सुले, डॉ श्रीकांत एकनाथ शिंदे, शाम्भवी, के राधा कृष्णन, चंदन चौहान तथा बी बल्लभानेनी शामिल हैं। समिति में 12 सदस्य राज्यसभा के हैं।

### जनता की अपेक्षाओं का सम्मान करें सांसद : धनखड़

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सांसदों से जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मजाक उड़ाते हैं।

श्री धनखड़ ने सदन में व्यवधान के बीच संसदीय कार्यवाही की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, सदस्यों, दुनिया हमारे लोकतंत्र को देखती है, फिर भी हम अपने आचरण से अपने नागरिकों को निराश करते हैं। ये संसदीय व्यवधान जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का मजाक उड़ाते हैं। परिश्रम के साथ सेवा करने का हमारा मौलिक कर्तव्य उपेक्षित है। जहाँ तर्कसंगत संवाद होना चाहिए, वहाँ हम केवल अराजकता देखते हैं। मुझे उम्मीद है कि सदस्य गहराई से आत्मनिरीक्षण करेंगे, और नागरिक अपनी जवाबदेही का प्रयोग करेंगे।

### संसद भवन के द्वार पर धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में एक अहम घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के द्वार पर धरना या प्रदर्शन आयोजित नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संसद भवन का परिसर और उसकी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा को बनाए रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। ओम बिरला ने कहा कि संसद क्षेत्र में किसी भी दरवाजे पर धरना-प्रदर्शन करना सही नहीं है। अगर कोई सदस्य या समूह ऐसा करता है, तो इसका असर उनकी प्रतिष्ठा पर पड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियों से सदन की कार्यवाही और संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोकतंत्र की असल भावना प्रभावित होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के नए चरण की शुरूआत करने का यह सही समय: मुर्मू

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अब समय आ गया है कि देश में ही अत्याधुनिक उपकरणों का निर्माण किया जाए और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता का नया चरण शुरू किया जाए। राष्ट्रपति ने कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट को राष्ट्रपति का ध्वज प्रदान करते हुए कहा कि केंद्रीय सरकार ने रक्षा उद्योग की स्वदेशी क्षमता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, ईज ऑफ डूइंग बिजनेसऔर रक्षा औद्योगिक गलियारों के विकास जैसी पहलों के माध्यम से सरकार भारतीय और विदेशी निवेशकों को रक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

रक्षा उत्पादों को घरेलू स्तर पर बनाने पर ध्यान

भारत अब कई रक्षा उत्पादों को घरेलू स्तर पर बनाने पर ध्यान दे रहा है, ताकि उन्हें आयात न करना पड़े। राष्ट्रपति ने कहा, अब समय आ गया है कि हम देश में तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का निर्माण करके आत्मनिर्भरता का नया चरण शुरू करें। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि रक्षा बलों के अधिकारी इस लक्ष्य को हासिल करने में पूरी तरह से योगदान देंगे और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करेंगे। भारत अब अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करने और नई तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, साइबर युद्धकौशल और अंतरिक्ष रक्षा तकनीकों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

# एलपीजी टैंकर ब्लास्ट, 8 जिंदा जले, 35 झुलसे

## हादसा : जयपुर के राष्ट्रीय मार्ग पर ट्रक ने टैंकर को मारी टक्कर

टैंकर सहित 40 से अधिक गाड़िया आग की चपेट में

प्रात : किरण

जयपुर/एजेंसी। जयपुर के भांकरोटा इलाके में शुक्रवार अलसुबह एलपीजी टैंकर को एक ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद लगी आग ने 40 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में आठ लोग जिंदा जल गए तथा 35 अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की मौत हो चुकी है और आग में झुलसे लगभग 35 लोग अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें से कुछ वेंटिलेटर पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ने भी हादसे में लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम घटनास्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच करवाएंगे और घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि घायलों में से करीब आधे की हालत बेहद गंभीर है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री खींवसर सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे, जहां झुलसे हुए लोगों को भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों और चिकित्सकों से बात की और उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना स्थल का दौरा किया और पुलिस अधिकारियों से भी बात की।



### सीसीटीवी फुटेज आया सामने

हादसे के बाद सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि भांकरोटा में डीपीएस स्कूल के सामने एलपीजी से भरा टैंकर यू.टर्न लेते समय एक ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद करीब 18 टन गैस हवा में फैल गई और 200 मीटर का एरिया गैस चैंबर बन गया। टक्कर के साथ ही जोरदार ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। कुछ सेकेंड में 40 से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गई।

### सुबह करीब पौने छह बजे हुआ हादसा

अधिकारियों ने बताया कि हादसा अलसुबह करीब पौने छह बजे हुआ। शुरूआती जानकारी के अनुसार जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा के पास एलपीजी टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे आग लग गई। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां से गुजर रही एक बस सहित अनेक ट्रक, कार उसकी चपेट में आ गए। घटना के वीडियो में लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए और शुरूआत में स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें एक किलोमीटर दूर से नजर आ रही थीं और राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा आग के गोले में तब्दील हो गया था। पुलिस के अनुसार आशंका है कि संभवतः अचानक आग की चपेट में आने से कुछ लोग अपने वाहनों से बाहर नहीं निकल पाए और अंदर ही जल गए। उसने बताया कि सभी वाहनों की गहन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### हादसे पर मुर्मू व मोदी ने जताया शोक

सड़क हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुमू व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, जयपुर में सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं! मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर पोस्ट कर कहा गया, राजस्थान में जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर हुए हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायल को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### आश्रितों को पांच लाख एवं घायलों को एक लाख की सहायता

जयपुर। राजस्थान सरकार ने राजधानी जयपुर में जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में प्रत्येक मृतक के आश्रित को पांच लाख रुपए एवं घायलों को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह निर्णय लिया। श्री शर्मा ने इस घटना को अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक बताया और मृतकों को श्रद्धाजंलि एवं घायलों को जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन

## 89 वर्ष की उम्र में गुरुग्राम मेदांता में उन्होंने ली अंतिम सांस

प्रात : किरण



गुरुग्राम /एजेंसी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और आईएनएलडी प्रमुख ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार को निधन हो गया। गुरुग्राम मेदांता में उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी, तीन-चार साल से मेदांता में ही उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें 11:35 बजे मेदांता की इमरजेंसी में लाया गया था। मेदांता प्रशासन ने उनके निधन की पुष्टि की है। डॉक्टरों ने उनकी मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई है। शनिवार सुबह 8 से 2 बजे तक सिरसा स्थित तेजा खेड़ा फार्म पर उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। दोपहर 3 बजे गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। ओमप्रकाश चौटाला ने प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, प्रदेश के मुख्यमंत्री के रुप में भी उन्होंने जिम्मेदारी निभाई थी। चौटाला की पहचान एक कद्दावर नेता के रूप में रही है। उनकी गिनती हरियाणा के प्रभावशाली नेताओं में होती है।

### सिरसा के गांव चौटाला में हुआ था जन्म

ओम प्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी 1935 को सिरसा के गांव चौटाला में हुआ था। चौटाला पांच बार हरियाणा के सीएम रहे। दो दिसंबर 1989 को चौटाला पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। वे 22 मई 1990 तक इस पद पर रहे। 12 जुलाई 1990 को चौटाला ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद को शपथ ली थी, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता को दो माह में ही पद से हटा दिया गया था। हालांकि चौटाला को भी पांच दिन बाद ही पद से त्यागपत्र देना पड़ा था। 22 अप्रैल 1991 को तीसरी बार चौटाला ने सीएम पद संभाला। लेकिन दो हफ्ते बाद ही केंद्र सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ओम प्रकाश चौटाला के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर भी शेयर की। पीएम मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। प्रदेश की राजनीति में वे वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

### सीएम नीतीश ने गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक-संदेश में कहा है कि स्व ओम प्रकाश चौटाला एक प्रख्यात राजनेता एवं समाजसेवी थे। देश की राजनीति में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। स्व ओम प्रकाश चौटाला जी के निधन से मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत दुख पहुँचा है। उनके निधन से न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर-शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का हुआ सफल समापन

## 423 कंपनियों के साथ कुल 1 लाख 80 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर

एमओयू की राशि पिछले वर्ष के बिहार बिजनेस कनेक्ट की तुलना में तीन गुणा से भी अधिक है

प्रात : किरण

पटना। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 का बड़े एमओयू साइनिंग के साथ शुक्रवार को सफल समापन हुआ। दो दिवसीय बिजनेस कनेक्ट में विभिन्न क्षेत्रों के 423 कंपनियों के साथ कुल 1 लाख 80 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। दूसरे दिन के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के कुल 423 कंपनियों के साथ कुल 1,80898.9511 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें प्रमुख रूप से सन पेट्रोकेमिकल्स,एनएचपीसी, भारत पेट्रोलियम, एसएलएमजी बेवरेजेज, श्री सीमेंट, एवं हल्दीराम स्नैक्स शामिल है। ये एमओयू न केवल बिहार के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएंगे बल्कि रोजगार के अनेकों अवसरों का सृजन भी करेंगे। ये एमओयू पिछले वर्ष के बिहार बिजनेस कनेक्ट की तुलना में तीन गुणा से भी अधिक है।



### उद्योगों को सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव के माध्यम से अपने सन्देश के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार विकास के मामले में नित नई ऊंचाईयों को छू रहा है और उनकी सरकार इस विकास को और गति देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने बिहार को एक औद्योगिक हब बनाने की योजनाओं पर जोर दिया और निवेशकों को राज्य में व्यवसाय स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उद्योगों को सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वाशन भी दिया।

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार का एक समृद्ध आर्थिक इतिहास रहा है और आज हम इसे और मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

उद्योगों के अनुकूल बना माहौल :

20 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में यहाँ का माहौल उद्योगों के अनुकूल बना है, इसी का परिणाम है कि विभिन्न क्षेत्र आशातीत सफलता प्राप्त कर रहे हैं। फूड प्रोसेसिंग और माइंस के अलावा हम फिल्म पॉलिसी और फिल्म सिटी के विकास पर भी काम कर रहे हैं। हमारी सरकार उद्योगों को हर संभव सहयोग के लिए समर्पित है। उद्योग-सह-पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हमने बिहार को बदलते देखा है। इसने नकारात्मक विकास से सकारात्मक विकास की दिशा में आश्चर्यजनक रूप से प्रगति की है। हमने न केवल राज्य की इकॉनमी को आगे बढ़ाया है बल्कि देश के विकास में भी हमारा योगदान लगातार बढ़ रहा है। आज हमने 1 लाख 80 हजार करोड़ के एमओयू हस्ताक्षर किए, जो निश्चित रूप से बिहार के विकास को तीव्र करेंगे और युवाओं के सपनों को साकार करेंगे। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार ने ऊर्जा और कनेक्टिविटी में अद्भुत प्रगति की है, जो उद्योग के लिए एक आवश्यक संसाधन है। इसने बिहार को निवेश के दृष्टिकोण से और आकर्षक बना दिया है।

उद्योग विभाग के सचिव बन्दना प्रेयषी ने कहा, निवेशकों ने हमारी नीतियों और पहलों में भरोसा दिखाया और एमओयू हस्ताक्षर किए। हम ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लगातार बेहतर कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मिले सुझावों पर हम काम करेंगे और उद्योगों के अनुकूल विकसित माहौल को और मजबूत करेंगे।

# बीपीएससी की रद्द परीक्षा 4 जनवरी को पटना में होगी

बापू परीक्षा केंद्र पर हंगामे के कारण परीक्षा रद्द किया गया था

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग ने 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा की पुनर्निर्धारित तिथि का ऐलान कर दिया है। 13 दिसंबर को पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर हंगामे के कारण परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। यह परीक्षा अब 4 जनवरी को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में बीपीएससी परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की ओर से एक अधिसूचना जारी की गई। आयोग ने कहा कि यह फैसला निष्पक्ष और सुचारू परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों के हित में लिया गया है। आयोग ने कहा कि जिन उम्मीदवारों को परीक्षा रद्द होने से परेशानी हुई है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे बीपीएससी की आधिकारिक सूचना से अपडेट रहें और नई परीक्षा तिथि के अनुसार तैयारी करें। बता दें कि 13 दिसंबर को कुम्हरार इलाके में स्थित बापू परीक्षा केंद्र पर बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने पेपर लीक होने और प्रश्नपत्र वितरण में देरी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इसके बाद परीक्षा सेंटर के ड्यूटी मजिस्ट्रेट की शिकायत पर पुलिस ने अगम कुआं थाने में 50 से 60 अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

उम्मीदवारों के हंगामे के बाद बीपीएससी ने बापू परीक्षा केंद्र पर आयोजित परीक्षा को रद्द कर दिया,



जहां लगभग 12 हजार उम्मीदवारों को नियुक्त किया गया था। हालांकि, केवल 5,500 उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक अपनी ओएमआर शीट जमा की। यह परीक्षा पूरे बिहार में 912 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, लेकिन केवल पटना में बापू परीक्षा केंद्र को रद्द करना पड़ा। पटना पुलिस ने इस मामले में बड़ी सफलता हासिल की है और 13 दिसंबर को बापू परीक्षा केंद्र पर आयोजित 70वीं बीपीएससी संयुक्त परीक्षा के दौरान उपद्रव मचाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सुपौल जिले के जगतपुर के मनीष कुमार के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर परीक्षा के दौरान अराजकता फैलाने में शामिल था। पटना पुलिस उपाधीक्षक अतुलेश झा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि परीक्षा हॉल से गायब कई प्रश्नपत्र मनीष कुमार के पास से बरामद किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमने बापू परीक्षा केंद्र से सीसीटीवी फुटेज खंगाली और कथित अभ्यर्थी मनीष कुमार की पहचान की। उसके पास से गायब प्रश्नपत्र और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# एसएसबी ने सीमाओं की सुरक्षा और नक्सलवाद से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है: शाह



सिलीगुड़ी /एजेंसी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नेपाल एवं भूटान जैसे मित्र देशों से लगीं देश की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और बिहार एवं झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में योगदान के लिए शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल की सराहना की। शाह ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सशस्त्र सीमा बल ने नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों से लगीं हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी सतर्कता और उपस्थिति ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर और पूर्वी क्षेत्र में सुरक्षा की भावना सुनिश्चित की है। वामपंथी उग्रवाद से निपटने में एसएसबी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए गृहमंत्री ने कहा, ह्यह्यएसएसबी ने बिहार और झारखंड में नक्सलवाद को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस के साथ उनके सक्रिय सहयोग ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी गतिविधियों को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। इस अवसर पर शाह ने बल से सीमा पर आवाजाही के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, एसएसबी का 61वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे समर्पण की पुष्टि करने का दिन है। एसएसबी के जवानों ने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शानदार काम किया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 21 दिसम्बर, 2024



# आने वाले दिनों में बिहार में आएगी औद्योगिक विकास की बहार : विजय

## केंद्र-राज्य के बेहतर समन्वय से बिहार में बन रहा निवेश अनुकूल माहौल

- बिहार बिजनेस कनेक्ट में मिले निवेश प्रस्तावों ने डबल इंजन सरकार के सुशासन पर मुहर लगाई
- त्वरित औद्योगिक विकास के लिए पूरी तरह तैयार है बिहार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एनडीए सरकार के सतत प्रयासों से आज हमारा राज्य निवेशकों के लिए उपयुक्त गंतव्य बनने की राह पर है। यही वजह है कि बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 में देश के विविध भौगोलिक और आर्थिक क्षेत्र उद्यमी न केवल जुटे बल्कि राज्य सरकार के साथ 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार बिजनेस कनेक्ट में खाद्य प्रसंस्करण, परंपरागत ऊर्जा क्षेत्रों के साथ-साथ नवीकरणीय एवं क्रिटिकल ऊर्जा से जुड़े प्रस्ताव पर भी निवेश सहमति मिली है। देश की नामचीन कंपनियों ने राज्य में निवेश की दिलचस्पी दिखाई है। जिससे राज्य के औद्योगिक परिदृश्य पर व्यापक प्रभाव होने जा रहा है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि 2005 में एनडीए के शासन में आने के बाद बुनियादी ढांचे और सामाजिक सेवाओं का आच्छादन लगातार बढ़ाया गया। वित्तीय अनुशासन, बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ मानव संसाधन, श्रम संसाधन का उत्तरोत्तर विकास किया गया। आज नीति आयोग सहित विभिन्न रिपोर्ट इस बात की गवाही देते हैं। आज हम विकास के अगले सोपान में औद्योगिक विकास के लिए पूरी तरह तैयार हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य के साथ-साथ पूरे देश में समग्र विकास को लेकर बन रहे सकारात्मक माहौल को देखकर राजद-कांग्रेस के नेताओं के कलेजे पर सांप लोट रहा है। जहां केंद्र में राहुल-प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस शब्दों की हिंसा से आगे बढ़कर शरीरिक हिंसा पर उतर आई है। वहीं राज्य में तेजस्वी झूठे दावों और वादों के आइकन बनने पर तुले हैं। वो आज युवाओं , नौजवानों को भड़काकर राज्य में एक बार फिर अराजकता का वातावरण बनाने में लगे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि और इंडी गठबंधन में यही बुनियादी फर्क है। हम समरसता के साथ विकास में विश्वास करते हैं। और वो लोग समाज को विभाजन की आग में झोंक कर सत्ता हासिल करने की जुगत में रहते हैं। केवल बीते एक वर्ष की ही उपलब्धियों की बात करें तो हमने वृहत और सामरिक महत्त्व के खनिजों के उत्खनन की दिशा में कदम बढ़ाया है। फिल्म प्रोत्साहन की देश की अद्यतन नीति लेकर आए हैं । निवेश प्रोत्साहन नीति के साथ-साथ पर्यटन नीति के समुचित क्रियान्वयन में जुटे हैं। इसी प्रकार हम नई आईटी और स्टार्ट अप नीति के साथ फूटलूज उद्योग को बढ़ावा देने में लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ हताशा में डूबा विपक्ष नकारात्मक नैरेटिव गढ़ने में जुटा है। बार-बार जनता द्वारा नकारे जाने के बावजूद ये लोग अपने विभाजनकारी एजेंडे को लिए घूम रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार ने न्याय और सुशासन के साथ विकसित बिहार बनने की ओर कदम बढ़ा दिया है। जिसमें बिहार में औद्योगिक संभावनाओं को गति देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ-साथ पूरी केन्द्र सरकार प्रतिबद्धता के साथ मदद भी कर रही है। निश्चित रूप से इन सबके प्रभाव से आने वाले दिनों में सूबा आकर्षक निवेश गंतव्य बनकर उभरेगा।

### ये रहें मौजूद :

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ, उद्योग सह पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, अमृत लाल मीणा, मुख्य सचिव, बिहार, दीपक कुमार, सचिव, मुख्यमंत्री, प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त, बन्दना प्रेयषी, सचिव, उद्योग विभाग, सम्बंधित विभागों के वरीय अधिकारी, एवं उद्योग जगत के गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर गणमान्य अतिथियों का स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

## निवेशकों ने हमारी नीतियों और पहलों में भरोसा दिखाया : सचिव

बिजनेस कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग विभाग के सचिव बन्दना प्रेयषी ने कहा, निवेशकों ने हमारी नीतियों और पहलों में भरोसा दिखाया और एमओयू हस्ताक्षर किए। हम ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लगातार बेहतर कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मिले सुझावों पर हम काम करेंगे और उद्योगों के अनुकूल विकसित माहौल को और मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सीईओ राउंडटेबल का आयोजन भी किया गया। इसमें उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और राज्य सरकार के शीर्ष अधिकारियों ने बिहार के औद्योगिक और आर्थिक विकास पर गहन चर्चा की।
गणमान्य अतिथियों द्वारा कॉफी टेबल बुक- बिहारः ए जर्नी ऑफ इंडस्ट्रियल ट्रांसफॉर्मेशन का विमोचन भी किया गया, जिसमें सरकार की विभिन्न पहलों, नीतियों और नीतिगत सुधारों की विस्तृत जानकारी दी गई है। इसमें क्षेत्र-विशिष्ट पहलों और नीतियों का भी उल्लेख है, जो उद्योगों को बिहार में निवेश संबंधी निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होंगे।

# देश की प्रगति के प्रति दुराग्रह छोड़िए, सकारात्मक सोचिए : संजय झा

## जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का केजरीवाल पर पलटवार

- एससी, ओबीसी और पूर्वांचलियों के लिए उनकी प्रतिबद्धता पर उठाए सवाल

प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। जनता दल यूनाईटेड ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पलटवार करते हुए अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पूर्वांचलियों के लिए उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए। जद यू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने केजरीवाल को लिखे एक पत्र में कहा कि उनकी पार्टी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन परिवार का हर सदस्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकसित भारत की ओर तेजी से कूच कर रहा है लेकिन देश की प्रगति और लोगों की खुशी एक वर्ग को नागवार गुजर रही है। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री से कहा, मेरा आग्रह है कि देश की प्रगति के प्रति दुराग्रह छोड़िए, सकारात्मक सोचिए। इस देश का संविधान बहुत मजबूत है। झा ने केजरीवाल को यह पत्र उनके उस पत्र के जवाब में लिखा है, जिसमें उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर गहराई से विचार करने का अनुरोध किया था। केजरीवाल ने एक्स पर पत्र साझा करते हुए कहा था कि लोगों को लगता है कि जो लोग आंबेडकर से प्यार करते हैं वे उस भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते जिसने भारत के संविधान के निमार्ता का अपमान किया। उन्होंने कुमार से इस पर गंभीरता से विचार करने को कहा था। झा ने इसके जवाब में केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इस बात का दर्द है कि अमित शाह ने उच्च सदन में इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी, उनकी पार्टी और उनके परिवार की कलई खोल दी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जहां बार-बार बाबा साहेब को अपमानित किया वहीं जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार उनके आदर्शों पर चलते रहे। झा ने कहा, नीतीश कुमार ने बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलते हुए बिहार में दलित और पिछड़ों के लिए जो किया, आप और आपके गठबंधन के नेता राहुल गांधी उसे करने की कल्पना भी नहीं कर सकते। राज्यसभा के सदस्य झा ने केजरीवाल को याद दिलाया कि 2014 में जब नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था तब उन्होंने महादलित समाज से आने वाले जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाया था जबकि उन्होंने जब इस्तीफा दिया तो उन्हें कोई दलित, इस पद के लायक नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पंजाब में दलितों की आबादी सबसे अधिक है लेकिन वहां भी मुख्यमंत्री चुनते वक्त उन्हें कोई दलित याद नहीं आया जबकि 2017 के पंजाब चुनाव में उन्होंने दलित को उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था।

# जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने ली जदयू की सदस्यता



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य प्रभु शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा जताते हुए जदयू का दामन थामा। अपने आवासीय कार्यालय में पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई एवं स्वागत करते हुए उन्हें उज्वल राजनीतिक भविष्य की हार्दिक शुभकामनायें दी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रभु शाह का जदयू परिवार का हिस्सा बनने से वैशाली जिले में संगठन को काफी मजबूती प्रदान होगी और वर्ष 2025 के चुनाव में जदयू समेत एनडीए गठबंधन को इसका लाभ मिलेगा। उक्त मौके पर माननीय विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा मौजूद रहे।

# गृहमंत्री के बयान को तोड़-मरोड़कर कर पेश रहा है विपक्ष : अशोक



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने गुरुवार को सांसद भवन परिसर में हुए धक्का-मुक्की की घटना को निंदनीय बताया और कहा कि इस प्रकार की घटना हमारे लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष जनता में भ्रम फैलाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा है लेकिन सोशल मीडिया के दौर में उनका यह मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। पूरे देश की जनता ने अमित शाह के भाषण को अच्छे से सुना और समझा है कि किस प्रकार कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक डॉ भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से वंचित रखा था। 1990 में जब गैर-कांग्रेसी सरकार बनी तब डॉ अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया और उस समय के तत्कालीन सरकार में हमारे नेता नीतीश कुमार केन्द्रीय मंत्री थे। साथ ही अशोक चौधरी ने कहा कि राजद की सरकार में बीपीएससी की क्या गरिमा थी भी यह जगजाहिर है।

### राजद शासन काल में महिलाओं का भला नहीं हुआ :

इस अवसर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि 15 वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद भी लालू-राबड़ी की सरकार ने आधी आबादी का भला नहीं किया। आज वही लोग 2,500 रुपये का झांसा देकर महिलाओं को गुमराह करना चाहते हैं लेकिन उनकी यह कोशिश कभी कामयाब नहीं होगी। इस अवसर पर मंत्रीगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त मौके पर पार्टी के विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं वरीय नेता प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।

# बाबा साहेब के अपमान पर गृह मंत्री इस्तीफा दें : अखिलेश

- गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा राज्यसभा में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में दी गई टिप्पणी के खिलाफ एवं गृहमंत्री के इस्तीफा देने की मांग को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को राजधानी पटना के आयकर गोलबंर पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश कांग्रेस के सैकड़ो नेता तथा कार्यकताओं के द्वारा आयकर गोलंबर पहुंचकर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।इस व्यापक विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के नेता-कार्यकताओं ने गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जबर्दस्त प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों का एक बड़ा हुजूम आयकर गोलंबर पर जमा हुआ था। जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गई थी। आज दोपहर तकरीबन 3:00 बजे पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता- कार्यकर्ता आयकर गोलबंर पहुंच गए थे। पहले गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफा तथा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर दिए गए अपमानजनक बयान को लेकर माफी मांगने की मांग पर कांग्रेसी अड़े हुए थे।इस विरोध प्रदर्शन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश सिंह ने किया। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह ने जो टिप्पणी की है।उसके लिए उन्हें तुरंत माफी मांगना चाहिए तथा पीएम मोदी को तुरंत अमित शाह को गृह मंत्री के पद से हटा दिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि आज बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के वजह से संविधान है।लेकिन भाजपा नेताओं को ना तो संविधान के प्रति कोई सम्मान है ना ही वह लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास रखते हैं।उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आपत्तिजनक बयान से यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति कैसी भावना रखती है।उन्होंने कहा कि कल भी संसद भवन के अंदर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत इंडिया ब्लॉक के अन्य सांसदों के साथ भाजपाई सांसदों ने गुंडागर्दी सरीखा व्यवहार किया था। जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता डा शकील अहमद खान, कौकब कादरी, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, अफाक आलम, अजीत शर्मा, डा समीर कुमार सिंह, राजेश कुमार, बिजेन्द्र चैधरी, इजहारूल हुसैन, मुन्ना तिवारी, नीतू सिंह, प्रतिमा कुमारी दास, आनन्द शंकर सिंह, छत्रपति यादव, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, ज्योति, संजीव प्रसाद टौनी, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा ब्रजेश प्रसाद मुनन सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# 15 जनवरी से पूरे राज्य में एनडीए के कार्यकर्ताओं की होगी बैठक

- जदयू प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर एनडीए घटक दलों के नेताओं का जुटान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर एनडीए ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर शुक्रवार को एनडीए गठबंधन के बिहार के सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रमुख नेताओं की जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के निवास स्थान पर बैठक हुई। इसमें 15 जनवरी 2025 से बड़े अभियान की शुरूआत करने पर रुपरेखा तय की गई। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया कि 2025 फिर से नीतीश को साकार करने के लिए रणनीति तय की गई। इसे लेकर बैठक में एनडीए के सभी पांचों दलों के घटक दलों प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे। 15 जनवरी से पूरे राज्य में एनडीए के कार्यकताओं की अहम बैठक होगी। बैठक के बाद भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि 15 जनवरी से सभी जिलों में एनडीए के घटक दलों का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में इसके लिए रणनीति तय की गई।

15 जनवरी से होने वाले सम्मेलन में पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक के पांचो दल के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उसे किस प्रकार क्रियान्वित करना है उसकी विस्तृत रूपरेखा तय करने पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने एक स्वर में बूथ स्तर तक एनडीए गठबंधन को सशक्त करने एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिशन-2025 और लक्ष्य-225 की सफलता पर जोर दिया। उक्त बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल, हमसे के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, लोजपा आर के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी एवं रालोमो पार्टी की ओर से बतौर प्रतिनिधि सुभाष चंद्रवंशी भाग लिए। साथ ही बैठक में मुख्य रूप से विधानपार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा से राजद में डर व बेचैनी: मंगल

## तेजस्वी के आरोपों से ऊब चुका है बिहार



पटना। स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित यात्रा से राजद में डर व बेचैनी है। हताशा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री की यात्रा पर तंज कसते हुए सवाल पूछ रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि दरअसल अगम्भीर राजनेता की छवि बना चुके तेजस्वी यादव के बकवास आरोपों से बिहार की जनता ऊब चुकी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डबल इंजन की एनडीए सरकार पर आरोप लगाने से पहले तेजस्वी को अपने माता-पिता के शासनकाल को याद करना चाहिए। हकीकत है कि तेजस्वी यादव राजद के खिसकते जनाधार से परेशान हैं। उन्हें आगामी चुनाव में हार का डर सता रहा है। विगत दिनों विधानसभा की चार सीटों के लिए हुए उपचुनाव में राजद को अपनी असलियत का अंदाजा हो चुका है। श्री पाण्डेय ने कहा कि निराशा में घिरे नेता प्रतिपक्ष के आरोपों का कोई मतलब नहीं है। सुशासन व विकास का स्वाद चख चुके बिहार की जनता राजद के तिकड़म में फंसने वाली नहीं है।

# यात्रा पर निकलने से पहले जनता के सवालों का जवाब दें : तेजस्वी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार विधान सभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को दो अरब 25 करोड़ 78 लाख की अलविदा यात्रा पर निकलने से पहले बिहार की जनता के सवालों के जवाब देने चाहिए। श्री यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि वह बताएं कि 20 साल मुख्यमंत्री रहने के बाद भी बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे कम क्यों है। नेता प्रतिपक्ष ने पूछा कि बीस साल मुख्यमंत्री रहने के बाद भी बिहार मानव विकास सूचकांक और नीति आयोग के सतत विकास सूचकांक के हर मापदंड में सबसे पीछे क्यों है। एक भी संकेतक को सुधारने में क्या 200 साल और चाहिए। बीस साल बाद भी मुख्यमंत्री क्यों नहीं जान पाए हैं कि बिहार के 36.6 प्रतिशत स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय नहीं है। बिहार के 5681 सरकारी विद्यालयों के पास अपना भवन भी नहीं है और वह बगल के विद्यालय से संलग्न होकर चलाए जा रहे हैं जबकि इनमें से 933 के पास भूमि उपलब्ध है तथा जिन विद्यालयों के पास अपना भवन है उनमें से 62 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालय और 20 प्रतिशत माध्यमिक विद्यालयों के परिसरों की चारदीवारी भी क्यों नहीं है। बारम्बार यात्राएं करने के बाद भी श्री कुमार को यह पता क्यों नहीं चलता था कि जिला सदर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज एवं अनुमंडलीय अस्पतालों के हालात इतने बदतर क्यों थे? 17 महीने में हमने मिशन-60, मिशन परिवर्तन और मिशन बुनियाद के तहत सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में क्रांतिकारी बदलाव के साथ चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मियों, उपकरणों एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायी। हमारे हटने के बाद से फिर एक साल में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में गिरावट क्यों हुई, क्या मुख्यमंत्री इसमें सुधार का प्रयास करेंगे। श्री यादव ने कहा कि बिहार के थानों और कार्यालयों में रिश्वतखोरी एवं अफसरशाही क्यों है। सभी चीनी मिल बंद क्यों है? बिहार के आधे घरों से यानि हर दूसरे घर से लोग काम की तलाश में राज्य से बाहर पलायन कर अपने परिवार से दूर रहने को विवश क्यों हैं? हर वर्ष कम से कम आधा साल बिहार बाढ़ या सुखाड़ से जूझता है। क्या किसानों की दिक़्कत और खाद की किल्लत के बारे में जानकारी है? अगर है तो खाद की कालाबाजारी के क्या वो दोषी नहीं है।

## नीतीश कुमार आंबेडकर के सच्चे हिमायती : जदयू

पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि नीतीश कुमार हैं अम्बेडकर के सच्चे और जमीनी हिमायती। अम्बेडकर के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए व्याकुल कांग्रेस और राजद के दामन दलितों के खून से सने हैं। लोग अरवल नरसंहार को कैसे भूलेंगे जब कांग्रेसी सीएम बिंदेश्वरी दुबे के कार्यकाल में खुद पुलिस ने जलियांवाला कांड की तरह 21 दलितों को मार गिराया था। कांग्रेस और लालू के काल में सौ से ज्यादा नरसंहार हुए जिसमें अनगिनत दलित बहनों की मांगें सूनी हो गईं और हैरत की बात की इसमें कितने आरोपी जेल भेजे गए इसपर राजद कांग्रेस के लोग कुछ नहीं बोलते। ये लोग वोट के लिए दलितों को मरवाते थे नहीं तो क्या कारण है कि नीतीश कुमार के सत्ता में आने के साथ ही बिहार में नरसंहार अचानक रुक गए। आज वही प्रताड़ित दलित बिहार में मुख्यमंत्री के सामने खड़ा होकर शान से 15 अगस्त और 26 जनवरी को झंडा फहरा रहे हैं। सीएम नीतीश ने अम्बेडकर के सपने को धरती पर उतारते हुए उन्हें वह सब कुछ दिया जिसकी वह कल्पना भी नहीं कर सकते थे। अनगिनत विकास योजनाएं, आरक्षण का सही लाभ और सामाजिक बराबरी का एहसास।

# राजस्व विभाग : बांका, शेखपुरा और जहानाबाद जिले टॉप तीन में बरकरार

## एडीएम कोर्ट तथा भूमि सुधार उपसमहर्ता कोर्ट में हुए राजस्व कार्यों के निष्पादन के आधार पर रैंकिंग जारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने एडीएम कोर्ट तथा भूमि सुधार उपसमहर्ता कोर्ट में हुए राजस्व कार्यों के निष्पादन के आधार पर सभी 38 जिलों की रैंकिंग जारी की है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं में गुणात्मक सुधार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश और विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी 38 जिलों में राजस्व संबंधी कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है।
एडीएम कोर्ट में कार्य निष्पादन के आधार पर नवंबर माह की जारी रैंकिंग में बांका, शेखपुरा और जहानाबाद जिले टॉप तीन में बरकरार हैं।इसका आधार म्युटेशन तथ्य परिमार्जन प्लस के आवेदनों का निष्पादन, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा 2, अंचल कार्यालयों का निरीक्षण इत्यादि है। इस रैंकिंग में टॉप टेन में पहले स्थान पर आए बांका को 100 में 66.72, शेखपुरा को 63.34, जहानाबाद को 59.99 अंक मिले हैं।
पूर्णिया 59.10 अंक लाकर 11 वें स्थान से इस माह चौथे स्थान पर पहुंच गया है। मधुबनी चौथे से पांचवे स्थान पर तो जहानाबाद छठे स्थान पर बरकरार है। सीतामढ़ी पांचवें से सातवें पर तो नालंदा और मुजफ्फरपुर ने लंबी छलांग लगाकर 18 वें से आठवें स्थान और 25 वें से नौवें पर जगह बना

### टॉप 10 के बाद के जिले :

11 वें स्थान पर किशनगंज, 12 वें स्थान पर मुंगेर, 13 वें स्थान पर सिवान, 14 वें स्थान पर सुपौल, 15 वें स्थान पर कैमूर, 16 वें स्थान पर कटिहार, 17 वें स्थान पर दरभंगा, 18 वें स्थान पर खगड़िया, 19 वें स्थान पर पश्चिमी चंपारण और 20 वें स्थान पर वैशाली है। 21 वें स्थान पर पूर्वी चंपारण, 22 वें स्थान पर नवादा, 23 वें स्थान पर सारण, 24 वें स्थान पर बक्सर, 25 वें स्थान पर अररिया, 26 वें स्थान पर गोपालगंज, 27 वें स्थान पर रोहतास, 28 वें स्थान पर भोजपुर, 29 वें स्थान पर बेगूसराय और 30 वें स्थान पर समस्तीपुर है। पटना 31 वें , शिवहर 32 वें, अरवल 33 वें, जमुई 34 वें, गया 35 वें, सहरसा 36 वें, लखीसराय 37 वें और भागलपुर 38 वें स्थान पर है। भूमि सुधार उप समाहर्ता कोर्ट में हुई कार्य प्रगति के आधार पर मुंगेर का तारापुर, जो अक्टूबर माह में तीसरे स्थान पर था, इस माह पहले स्थान पर पहुंच गया है।इस रैंकिंग में मुंगेर के तारापुर को 78.34 अंक के साथ पहला, बांका को 75.84 अंक के साथ दूसरा और सुपौल के निर्मली को 72.38 अंक के साथ तीसरा स्थान मिला है।
तारापुर ने अक्टूबर के मुकाबले इस माह तीसरा से पहला तो निर्मली ने चौथे से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। दरभंगा सदर 16 वें स्थान से इस मास चौथे स्थान पर पहुंच गया है। शेखपुरा पहले स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। छठे स्थान पर समस्तीपुर का पटोरी, सातवें स्थान पर रोहतास का बिक्रमगंज, आठवें स्थान पर जहानाबाद, नौवें स्थान पर वैशाली का महुआ और दसवें स्थान पर बेगूसराय है।
टॉप 10 के बाद के अनुमंडल
11 वें स्थान पर सीतामढ़ी का बेलसंड, 12 वें स्थान पर कैमूर का भभुआ, 13 वें स्थान पर गोपालगंज का हथुआ, 14 वें स्थान पर पूर्णिया का बनमनखी, 15 वें स्थान पर भोजपुर का पीरो, 16 वें स्थान पर बेगूसराय का तेघड़ा, 17 वें स्थान पर पश्चिमी चंपारण का बगहा, 18 वें स्थान पर वैशाली का हाजीपुर, 19 वें स्थान पर सहरसा का सिमरी बख्तियारपुर और बीसवें स्थान पर समस्तीपुर का रोसड़ा अनुमंडल है।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 100 वीं जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

## 100 वीं जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में एक वर्ष मनाएगी : दिलीप

- 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर प्रदेश से मण्डलस्तर पर होंगे कई कार्यक्रम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार भाजपा भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती शताब्दी समारोह को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में एक वर्ष मनाएगी। इसके अलावा भाजपा वीर बाल दिवस के मौके पर प्रदेश से लेकर मण्डलस्तर तक कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि देश स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को भूल नहीं सकता। इस बार उनकी 100 वीं जन्म जयंती है, जिसे हम सभी शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएंगे। भाजपा उनकी जयंती पूरे देश मे सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्मजयंती शताब्दी समारोह के रूप में मनाएगी। इसके तहत एक वर्ष तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसकी शुरूआत 25 दिसंबर से होगी। उनके कृति और व्यक्तित्व पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कवि हृदय अटल बिहारी वाजपेयी की कविता आज पूरे देश मे पढ़ी जाती है। स्कूल, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों तक में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने आगे कहा कि 26 दिसंबर को भाजपा वीर बाल दिवस मनाएगी। पटना के तख्त हरमंदिर साहिब में लाखों लोग आते है। यहीं गुरु गोविंद सिंह का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सांगठनिक तौर पर 200 मंडल बढ़ाये गए हैं उन सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में भी कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया जाएगा जहां शहीद साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की तस्वीर लगाई जाएगी एवं उनके अनुकरणीय साहस एवं बलिदान के बारे में विशेषकर युवाओं को जानकारी दी जाएगी।

इधर, . अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती समारोह के संयोजक और प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि देश को नई दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती समारोह सभी 77 हजार मतदान केंद्रों पर मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जयंती समारोह की शुरूआत 25 दिसंबर से होगी तथा शताब्दी समारोह, एक वर्ष तक चलेगा, जिसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वीर बाल दिवस समारोह के संयोजक प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि वीर बाल दिवस समारोह को लेकर सभी स्तरों पर तैयारी की जा रही है। सभी जिलों, मंडलस्तरों पर समिति बनाई गई है। वीर बाल दिवस के मौके पर 26 दिसंबर को कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस प्रेस वार्ता में विधायक संजय सिंह,रीता शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलु प्रवक्ता उषा विद्यार्थी, उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग आन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें


### जीरो अंक दिए जाने के कारण छात्र छात्राओं में आक्रोश

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत हरि सिंह महाविद्यालय सीबीसीएस स्नातक सेमेस्टर-2 सत्र 2023-27 के छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम में सैकड़ो छात्र-छात्राओं को जीरो अंक दिए जाने के कारण बैक लग गया। जिस वजह से छात्र-छात्राओं में आक्रोश है और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में तालाबंदी की और धरना प्रदर्शन जारी है जब तक की रिजल्ट में सुधार नहीं हो जाता। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष स्नातक सेमेस्टर 1 मे भी इन छात्र-छात्राओं के साथ बैक लगने की समस्या थी जिसे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के द्वारा ठीक करवाने को लेकर आवेदन छात्र-छात्राओं से लिया गया था परंतु उसे ठीक नहीं कराया गया और छात्र-छात्राओं को बैक पेपर का फिर से परीक्षा फॉर्म भरकर परीक्षा देना पड़ा था।

# शिक्षा-दीक्षा मासिक की जगह साप्ताहिक होगी आंतरिक परीक्षा, साप्ताहिक परीक्षा प्रत्येक सोमवार को

## अगले माह से बदलेगा सरकारी स्कूलों में परीक्षा का पैटर्न

प्रात : किरण संवाददाता




गिद्धौर। पहली से 12वीं तक के सभी स्कूलों में अगले साल यानी जनवरी 2025 से स्कूल में आयोजित होने वाली परीक्षा का पैटर्न बदल जाएगा। शिक्षा विभाग के उपसचिव अमित कुमार पुष्कर ने सभी डीईओ को पत्र लिखकर इस बाबत निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि कैलेंडर वर्ष 2024 में राज्य के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में वर्ग पहली से 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का मासिक, अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। लेकिन सम्यक विचारोंप्रांत वर्ग 1वीं से 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा व्यवस्था को स्थगित करते हुए माह जनवरी 2025 से कक्षा पहली से 12वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा अब मासिक नहीं होगी। अगले कैलेंडर वर्ष 2025 से राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में वर्ग पहली से 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा का आयोजन नहीं होगा। अगले कैलेंडर वर्ष में माह जनवरी,2025 से आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत साप्ताहिक परीक्षा (प्रत्येक सोमवार को अगर सोमवार को अवकाश है तो अगले कार्य दिवस को) विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाए एवं आंतरिक मूल्यांकन के पश्चात विद्यार्थियों एवं अभिभावक को मूल्यांकन पत्र अवगत कराया जाए। एससीईआरटी व बिहार बोर्ड लेगा परीक्षा अगले कैलेंडर वर्ष माह जनवरी, 2025 से राज्य के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में वर्ग पहली से 8वीं मैं अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक/ अर्द्धवार्षिक/ वार्षिक परीक्षा राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना तथा वर्ग नवमी से 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए त्रैमासिक/ अर्द्धवार्षिक वार्षिक/वार्षिक परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा ली जाएगी। उपरोक्त के अतिरिक्त बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा वर्ग नवमी से 12वीं के लिए ली जाने वाली परीक्षाएं जैसे प्रयोगिक, सेंटअप, कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा यथावत रहेगी। गौरतलब हो कि 2024 में प्रत्येक माह के 28 एवं 29 तारीख को आंतरिक मूल्यांकन का प्रावधान है। मासिक मूल्यांकन के बाद शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में अभिभावकों के समक्ष बच्चों की प्रगति साझा की जाती है।

# एसएसबी कमांडेंट मनिष कुमार गृहमंत्री के द्वारा हुए ट्राफी से सम्मानित



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई / सोनो : जमुई जिले के चरका पत्थर थाना क्षेत्र अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है । जहाँ पर नक्सलियों को सफाया करने मे 16 विं वाहिनी सशस्त्र सीमा बलों ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए सराहनीय कार्य किया है । इसके लिए एसएसबी की 61 वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गृहमंत्री माननीय अमित शाह के द्वारा 16 विं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट श्री मनिष कुमार को प्रथम ट्राफी से सम्मानित किया गया है । ज्ञात हो कि एस एस बी कमांडेंट श्री मनिष कुमार के द्वारा नक्सल प्रभावित चरका पत्थर थाना क्षेत्र में नक्सलियों को मुख्य धारा में लाने के लिए काफी अहम भूमिका निभाई है , साथ ही नक्सल प्रभावित गांवों में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम चलाकर गरीबी में जीवन यापन करने वाले लोगों के बीच विभिन्न प्रकार की बड़ी संख्या में सामग्रियों का वितरण किया गया है । जिस कारण जमुई जिला वासी कमांडेंट श्री मनिष कुमार को हार्दिक बधाई ओर शुभकामनाएं दी है ।

# एएनएम और जीएनएम को मातृत्व देखभाल को लेकर दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा , खैरा ] खैरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड जमुई के द्वारा प्रखंड की एएनएम जीएनएम के बीच एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रशिक्षक ने बताया कि अगर कोई महिला प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचता है तो उसकी देखभाल अच्छी तरह से करें और उन्हें सभी सुविधा मुहैया करवाये और उन्हें सम्मान पूर्वक प्रसव करवाए। प्रसव के दौरान उन महिलाओं से दोस्ती करें ताकि उन्हें प्रसव के दौरान अकेलापन महसूस ना हो । कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम डॉ० रास बिहारी तिवारी , बीएचएम श्रीमती प्रियदर्शिनी कुमारी , बीसीएम सोहराब अली तथा तथा ममता संस्था के अमन कुमार एवं पूजा कुमारी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । मौके पर संस्था के डॉक्टर विपिन कुमार ने एएनएम को प्रोजेक्ट के माध्यम से सम्मानजनक मातृत्व की परिभाषा को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया । कार्यक्रम का उद्देश्य माता में जो गर्भावस्था के दौरान मानसिक परेशानियां होती हैं, या जांच के नाम से घबराते हैं, मानसिक रूप से प्रसव को लेकर भी वह तनावग्रस्त रहते हैं । जिसके कारण जच्चा एवं बच्चा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । इस चीजों में सुधार हेतु जरूरी है की की स्वास्थ्य कर्मी को बेहतर प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाए ताकि प्रसवपूर्व जाँच, प्रसव पश्चात जाँच या प्रसव के दौरान उन्हें अनुकूल माहौल मिले जिससे की मां जो पूर्वाग्रह से ग्रसित होते हैं कि प्रसव के दौरान उनके साथ अच्छे व्यवहार नहीं किए जाते हैं या सही से जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती है इन अवधारणाओं को दूर किया जा सके और माता की पूर्वाग्रह दूर हो सके इसके लिए जरूरी है सभी उप स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम जांच हेतु आने वाली सभी गर्भवती एवं धात्री माता के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें सम्मानजनक मातृत्व देखभाल के सात सूत्र होते हैं । जिनके बारे में प्रशिक्षक द्वारा विस्तार पूर्वक सभी उपस्थित एएनएम ,जीएनएम को बताया गया । मौके पर उपस्थित बीएचएम श्रीमती प्रियदर्शनी कुमारी ने कहा कि बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण सत्र रहा और प्रशिक्षक भी काफी कुशल है यह बहुत ही सुगमिता पूर्वक प्रशिक्षण देते हैं जिससे हमारे सभी एएनएम का क्षमता वर्धन बेहतर तरीके से हुआ है। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग स्टाफ के साथ-साथ यूनिसेफ के डॉक्टर पवन कुमार ममता संस्था के पूजा कुमारी , अंजू कुमारी , छोटी कुमारी , सुमित कुमार उपस्थित थें।

# एक दिवसीय नियोजन मेला का पोलो मैदान में आयोजन किया



- निजी और सार्वजनिक उपकरण की 21 नियोजकों ने भाग लिया

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय मुंगेर द्वारा पोलो मैदान में शुक्रवार के दिन एक दिवसीय नियोजन मेला का आयोजन किया गया। इस नियोजन मेला में निजी और सार्वजनिक उपक्रम की 21 नियोजकों ने भाग लिया। इसके साथ ही आठ विभागीय स्टोल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नियोजन मेला में टेक्निकल, इंश्योरेंस, फाइनेंस, सेल्स, सिक्योरिटी आदि सेक्टर की कंपनियों ने भाग लिया। साथ ही कृषि विभाग, डी आर सी सी, जिला उद्योग, आर से टी, आईटीसी सी एस आर, बिहार कौशल विकास मिशन और श्रम विभाग के स्टोल के माध्यम से मेला में उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के बारे जागरूक किया। उप निदेशक नियोजन भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर नियोजन मेला का शुभारंभ किये । नियोजन मेला में 2106 लोगों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न नियोजक द्वारा 410 लोगों का प्रारंभिक चयन किया गया। उक्त नियोजन मेला में सहायक निदेशक, श्रम अधीक्षक, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी मौजूद थे।

# खेलो इंडिया के तहत डीएम ने किया नौवागढी मैदान में शिलान्यास

## जिलाधिकारी को रामकुमार उर्फ राम बाबू द्वारा अंग वस्त्र तथा बुके देकर सम्मानित किया

प्रात : किरण संवाददाता



सदर मुंगेर। गुरुवार को सदर प्रखंड के नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत में स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय, नौवागढ़ी के खेल मैदान का शिलान्यास जिलाधिकारी, मुंगेर अवनीश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस खेल मैदान का निर्माण लगभग 9 लाख 68 हजार रुपए की राशि से किया जा रहा है। इस शिलान्यास के साथ ही स्थानीय लोगों की वर्षों की मांग पूरी हुई। इस मौके जिलाधिकारी ने कहा कि, राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने उनमें के प्रति रुचि बढाने और उनकी खेल प्रतिभा को दिखाने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार के इसी योजना के तहत उच्च विद्यालय नौवागढ़ी के मैदान का भी विकास किया जा रहा है। जल्दी यह मैदान पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि, इस खेल मैदान के निर्माण ग्रामीण से यहां के युवाओं को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतिभा को भी निखारने का मौका मिलेगा। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी रुचि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, खेल के क्षेत्र में भी करियर का निर्माण हो सकता है। खेल मैदान निर्माण के शिलान्यास के इस मौके पर मुंगेर के डीसी अजीत कुमार सिंह, सदर प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार, सदर प्रखंड के बीडीओ आरके राघव, मुखिया प्रमिला देवी, पूर्व मुखिया रविंद्र मंडल पूर्व प्रमुख सदस्य नवल किशोर सिंह, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी नींबूलाल प्रसाद, मनरेगा के जेई शाहनवाज रिजवी, जदयू अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार उर्फ रामबाबू,पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सर्वेश कुमार शर्मा एवं मुरलीधर तांती सहित कई लोग मौजूद थे। स्कूलों का भी किया निरीक्षणः खेल मैदान के शिलान्यास के बाद जिलाधिकारी ने डीडीसी के साथ मध्य विद्यालय, नौवागढ़ी एवं प्लस टू उच्च विद्यालय नौवागढ़ी का भी निरीक्षण किया। उच्च विद्यालय में उन्होंने उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ कंप्यूटर लैब, अटल टिंकेयरिंग लैब सह स्मार्ट क्लास, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का विशेष रूप से निरीक्षण किया। स्कूल की व्यवस्था से वे संतुष्ट दिखे।

# उत्पादन पर असर - दलहन व तेलहन फसल के लिए ठंड बढ़ना जरूरी

## दिन में बढ़े तापमान से रबी फसल पर पड़ रहा है असर : किसान

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। दिन में अच्छी धूप निकल रही है। इससे दिन का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस तक रहा रहा है। हालांकि रात का तापमान कम होने से खेती के अनुकूल है। कृषि विज्ञान केंद्र की बागवानी विशेषज्ञ प्रमोद राय ने बताया कि नवंबर से तापमान में गिरावट होनी चाहिए। लेकिन दिसंबर के दूसरे पक्ष में दिन का तापमान काफी अधिक रह रहा है। दिसंबर व जनवरी में दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे रहना चाहिए। फरवरी में भी तापमान इतनी रहनी चाहिए कि गर्म हवा नहीं चले। गर्म हवा फूल से फल बन रहे दाने को सुखा देती है, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा पर खराब असर पड़ता है ।लेकिन दिसंबर में तापमान की अधिकता से खासकर दलहन तिलहन की फसल का बाढ़वार प्रभावित होता है। इसकी बेहतर बढ़वार के लिए ठंड बढ़ाना जरूरी है। मिल रही उखड़ा रोग की शिकायत बागवानी विशेषज्ञ रघु कुमार ने बताया कि वर्तमान में मशहूर व चना की फसल में उखड़ा रोग की शिकायत अधिक मिल रही है। उखड़ा फफूंद जनहित रोग है। मिट्टी में फंगस के कारण यह रोग फैलता है। इससे बचाव के लिए मशहूर व चना की बुवाई से पहले ट्राईकोडर्मा से मिट्टी का उपचार करना चाहिए। इसके लिए दो किग्रा ट्राईकोडर्मा 25 किग्रा वर्मी कंपोस्ट में मिलाकर मिट्टी में मिलना चाहिए। इससे फंगस का अटैक नहीं होगा। किसान फसल के बचाव के लिए काबोर्डाजिम का व्यवहार कर सकते हैं। हल्की बारिश जरूरी किसान दरोगी पासवान,अर्जुन यादव,बेनी यादव ने बताया कि रबी फसल में कृत्रिम पटवन से फसल सूखने की आकांक्षा होती है। इस दौरान हल्की बारिश होनी चाहिए। सुबह-शाम कोहरे से पौधा व मिट्टी भींगने लायक नहीं होनी चाहिए। कम से कम एक माह तक कोहरे वाला मौसम दलहन के लिए उपयोगी होता है। वैसे मौसम में मसूर के फसल की बढ़वार देखने लायक होती है। हालांकि वैसी स्थिति वर्तमान में नजर नहीं आ रही है ।सामान्य मौसम में तो नवंबर माह से ही मुंह से भाप निकलती दिख जाती है। दिसंबर के तीसरे सप्ताह की समाप्ति होने को है। पर वैसा कुछ नहीं दिख रहा है।

# बिजली की बचत की दी गई जानकारी, ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का हुआ समापन

## जागरुकता रैली निकालते रेलवे विद्युत विभाग के रेलकर्मी

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई [ झाझा ] रेलवे विद्युत विभाग के द्वारा रेलवे के कई विभागों के साथ रेलवे कॉलोनी में लोगों के बीच पूरे सप्ताहभर लोगों को बिजली की बचत कैसे करना है, बिजली के कम उपयोग करने के फायदों के बारे में बताया गया। रेलवे कॉलोनी में रह रहे रेलकर्मी व उनके परिवारों को भी बताया कि अगर आप घर से निकल रहे हैं तो यह ध्यान रखे कि घर की लाइट, पंखा आदि चीज जो बिजली से संचालित हो रहे हैं उन्हें बंद कर दे। ऊर्जा संरक्षण को लेकर बीते 14 दिसम्बर से रेलवे विभागों में शुरू हुए ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का समापन रेलवे विद्युत विभाग के द्वारा शुक्रवार को किया गया। फोरमैन ने रेलकर्मी से अपील किया ऊर्जा संरक्षण को लेकर हमलोग सजग और लोगों को भी जागरूक कर उन्हें ऊर्जा संरक्षण करने के बारे में जानकारी दे। रेलवे विद्युत विभाग के फोरमैन अनिल कुमार ने बताया कि बिजली की खपत बेवजह न हो इसके बारे में रेलवे विभागों, रेल आवास में रहने वाले रेलकर्मी और उनके परिवार को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमें यह बताया कि अगर अपने आवास, विभाग में रेलकर्मी रहते हैं तो उस वक्त यह ध्यान दे कि बेवजह बिजली का उपयोग न करे। मौके पर विद्युत विभाग के कई रेलकर्मी मौजूद थे।

# विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकताओं ने किया पौधारोपण



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकताओं ने पूर्व नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति के जन्मदिन के मौके पर पौधारोपण किया। मौके पर नगर अध्यक्ष प्रोफेसर राकेश पासवान ने जन्मदिन की शुभकामना देते हुए कहा कि जन्मदिन के मौके पर पौधारोपण करना एक विचार है विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता वर्षों से जन्मदिन के अवसर पर दो पौधारोपण करना यह अभियान चला रहा है ।जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। मौके पर नगर कार्यकारिणी सदस्य सतीश कुमार सिन्हा, रिंटु माथुर, रिया कुमारी, सुरुचि कुमारी ने सम्मिलित रूप से शुभकामना भेंट करते हुए कहा कि हम विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता जन्मदिन के अवसर पर केक काटने के बजाय पौधारोपण व समाज से जुड़े कार्य करते हैं जिससे समाज में एक विशेष प्रेरणा बने और हमारा समाज आदर्श समाज बने। मौके पर प्रोफेसर जीबी ठाकुर, पिंटू मिश्रा, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक जमुई चन्द्र प्रकाश ने किया 112, थानों की गश्ती और बीट गश्ती का निरीक्षण





प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में 19 दिसंबर 2024 की रात्रि में जमुई के पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने 112 सेवा, थानों की गश्ती, और बीट गश्ती का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने गश्ती दलों की कार्यप्रणाली और उनकी तत्परता का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पुलिसकर्मी अपनी गश्ती के दौरान पूरी सतर्कता बरतें, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें। निरीक्षण का उद्देश्यः इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण, रात्रिकालीन सुरक्षा की मजबूती, और जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना था। बीट गश्ती और 112 सेवा के कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित प्रतिक्रिया दें और जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। प्रशंसा और निर्देशः पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने गश्ती दलों की तत्परता की सराहना की और उन्हें आगामी दिनों में और अधिक सक्रिय रहने का सुझाव दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए और जिले के हर कोने में कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है।

जनता में विश्वास बढ़ाने की पहलः इस निरीक्षण से जनता को पुलिस की सक्रियता का एहसास हुआ है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और इसे अपराधियों पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पुलिस की अपीलः पुलिस प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 सेवा या संबंधित थाने को दें। आपकी सतर्कता और सहयोग से जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सकता है। यह निरीक्षण पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और सुधार लाने के साथ-साथ सुरक्षा को नई मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# गिद्धौर के गेनाडीह महादलित टोला से गिद्धौर पुलिस ने 05 लीटर देशी शराब किया बरामद



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के कुंधुर पंचायत अंतर्गत पड़नेवाले गेनाडीह गांव के महादलित टोला से गिद्धौर पुलिस ने 05 लीटर देशी शराब को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गेनाडीह महादलित टोला में गिद्धौर थाना पुलिस को देशी शराब का निर्माण कर इसके बिक्री किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी, जिस पर थाना के अवर निरीक्षक रंजीत कुमार द्वारा मामले में त्वरित कारवाई करते हुए शसस्त्र बल के सिपाही नीतीश कुमार,रंजन रविदास,धीरज कुमार के साथ गेनाडीह महादलित टोला में मिली सूचना के आधार पर छापेमारी के क्रम में गेनाडीह मुसहरी निवासी होरिल मांझी पिता केशव मांझी के घर से प्लस्टिक के जार में रखे 05 लीटर देशी शराब को बरामद किया गया। शराब बरामदगी को लेकर अवर निरीक्षक रंजीत कुमार द्वारा बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि होरिल मांझी अपने घर पर देशी शराब का निर्माण करता है, अभियान के क्रम में होरिल मांझी के घर पर ताला बंद था एवं अंदर से शराब की गंध आ रही थी, घर के अंदर तलाशी लेने के क्रम में पीले रंग के प्लास्टिक के गेलन से 05 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। वहीं शराब निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। इस मामले में शराब कारोबारी होरिल मांझी पर देशी शराब निर्माण कर बिक्री करने के मामले में थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार द्वारा मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत मामले में प्राथमिकी दर्ज किया जा रहा है।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के आदेश के बाद भी किराए के मकान में नही चल रहा है एचएससी, एचडब्ल्यूसी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का अपना मकान नही रहने के कारण प्रखंड क्षेत्र के बाराजोर पंचायत में स्वास्थ्य सुविधा राम भरोसे पर टिकी हुई है। नतीजा यह है कि पंचायत में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक निजी मकान में स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाकर उसमें स्वास्थ्य सुविधा ग्रामीणों को मुहैया करवाने का निर्देश पत्र के माध्यम से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा जारी किया गया। जारी पत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अशोक धायल, एएनएम गीता कुमारी, एएनएम आर नीतू कुमारी को निर्देश देते हुए दशार्या गया कि बाराजोर पंचायत अंर्तगत छुछनरिया में एचएससी, एचडब्ल्यूसी स्वीकृत है जिसमे उपरोक्त तीनो स्वास्थ्य विभाग के कर्मी को नियुक्ति की गई है। लेकिन एचएससी, एचडब्ल्यूसी छुछनरिया का अपना भवन नही होने के कारण वहां के जनसमुदाय को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नही मिल रहा है। एचएससी, एचडब्ल्यूसी के सही संचालन कर जनसमुदाय लोगों को सुविधा देने के लिए छुछनरिया में एक किराए का मकान सरकारी दर में पानी, लाइट के साथ मुहैया भी करवाया और उक्त तीनों कर्मियों को एचएससी, एचडब्ल्यूसी का संचालन करने का निर्देश दिया गया। लेकिन अब तक किराए के मकान में एचएससी, एचडब्ल्यूसी का संचालन नही किया जा रहा है। इधर इस संदर्भ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इसको लेकर 12 दिसम्बर को पत्र जारी कर एचएससी, एचडब्ल्यूसी का संचालन किराए के मकान में करने के लिए कहा गया और दो दिन के अंदर पूर्ण जानकारी का आदेश जारी किया गया था लेकिन यह जानकारी नही है कि उक्त तीनों कर्मी के द्वारा किराए के मकान में एचएससी, एचडब्ल्यूसी का संचानल नही कर रहा है। अगर आदेश की अवहेलना तीनो स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा की जा रही है तो इसपर विभाग कड़ा एक्शन लेगा।

सम्पादकीय

# थैले में फिलीस्तीन की आजादी


गांधी-नेहरु परिवार लम्बे अरसे से राजनीति में सक्रिय है। लेकिन यह शायद पहली बार है कि लगभग सारा परिवार संसद में उपस्थित है। सोनिया गांधी राज्यसभा की सदस्य हैं, उनका बेटा राहुल गांधी और उनकी बेटी प्रियंका गांधी लोकसभा की सदस्य हैं। मोती लाल नेहरु से राजनीति शुरू करने वाला यह परिवार सोनिया गांधी तक पहुंचते-पहुंचते देश की राजनीति में तो बना हुआ है, लेकिन भारतीय संस्कृति, उसके इतिहास व समाजशास्त्र से बुरी तरह कट चुका है। इसमें परिवार की इस पीढ़ी का दोष नहीं है। सोनिया गांधी से इस प्रकार की आशा भी नहीं करनी चाहिए। जहां तक उनके बेटे और बेटी का प्रश्न है, वे छोटी उम्र में ही पिता के साये से मरहूम हो गए थे। इसलिए उन पर माता का ही प्रभाव पड़ सकता था। यह प्रभाव पड़ा भी। यही कारण है कि राहुल गांधी जलेबियों की फैक्टरियां लगवा कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाने लगे। जहां तक प्रियंका गांधी का प्रश्न है, उसको शायद किसी ने बता दिया होगा कि आजकल देश में प्रमुख मुद्दा फिलीस्तीन की आजादी का है। यदि कांग्रेस फिलीस्तीन की आजादी के पक्ष में खड़ी हो जाती है, तो भारत के लोग कांग्रेस के पक्ष में खड़े हो सकते हैं। यानी भारत में कांग्रेस की सत्ता में वापसी का रास्ता फिलीस्तीन की आजादी में से होकर गुजरता है। लेकिन असली मसला तो यह था कि कांग्रेस या भारत की फिलीस्तीन को आजादी दिलवाने में क्या भूमिका हो सकती है? आजादी प्राप्त करने का तरीका क्या है? सोनिया गांधी परिवार के लिए गणित के इस कठिन प्रश्न का उत्तर पा लेना जरूरी था। अब इस कठिन प्रश्न का उत्तर कांग्रेस के लिहाज से एक ही हो सकता था कि प्रियंका गांधी अपने कन्धे पर ह्यफिलीस्तीन की आजादीह्ल लिखा बैग लेकर संसद में जाए तो फिलीस्तीन आजाद हो सकता है। फिलीस्तीनी आजादी से प्रसन्न होकर भारत में कांग्रेस की सत्ता वापसी हो सकती है। दूसरे दिन किसी ने बता दिया कि ह्यफिलीस्तीन की आजादीह्ल भारत का इश्यू नहीं है। यहां तो सत्ता वापसी का रास्ता ह्यबांग्लादेशह्ल के हिंदू का मसला उठाने से बन सकता है। तब दूसरे दिन प्रियंका गांधी अपने पर्स पर बांग्लादेश लिखवा लाईं। लेकिन चिंता तो है ही। समय निकलता जा रहा है और सत्ता वापस आने के आसार दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे। खुदा का शुक्र है कि सोनिया जी के दोनों बच्चे अंग्रेजी पढ़े लिखे हैं। पुराने ह्यब्रिटिश मास्टरह्ल की किताबों में दिन-रात खपते हैं। आखिर यूरोप के लोग दो सौ साल हिंदुस्तान पर राज कैसे कर गए? इस मामले में सोनिया गांधी भी कुछ न कुछ बताती ही होंगी या कम से कम माथा तो खपाता ही होंगी। तब पता चलता है कि वे भारत के लोगों में फूट डालते थे और राज करते थे। तभी से पूरा ह्यराज परिवारह्ल भारत में हर हालत में जाति के आधार पर जनगणना करवाने को लेकर छटपटा रहा है। प्रतीक्षा करनी चाहिए, अब प्रियंका गांधी ह्यजाति गणना करवाएंह्ल वाला बैग लेकर संसद में कब आती हैं। सत्ता वापसी का एक दूसरा रास्ता भी दिखाई दे रहा है। ईवीएम को लेकर प्रतिदिन मातमी धुनें बजाई जाएं। इससे देश के भविष्य का प्रश्न जोड़ा जाए। इसलिए हर रोज कायदे से ईवीएम के तबले पर घंटों रियाज किया जाता है। लेकिन राज परिवार की इन हरकतों से आसपास के राजनीतिक पड़ोसी भी घबराहट में हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तो इस बेमानी शोर शराबे से तंग आकर कह ही दिया कि लगता है आप लोगों से यह हो नहीं पाएगा। ईवीएम का रोना धोना बंद करो, सत्ता प्राप्ति का कोई दूसरा रास्ता तलाशो। लेकिन राज परिवार का यही तो संकट है। सत्ता तक पहुंच पाने का दूसरा रास्ता कहां है, सोनिया-राहुल-प्रियंका ने उस रास्ते की तलाश में मल्लिकार्जुन खडगे साहिब को आगे कर दिया। वह हाथ में डंडा लेकर अंधेरे में टटोलते हुए एक-एक कदम आगे चलते हैं और राज परिवार उनके पीछे चलता है। दुनिया आशा पर ही टिकी हुई है। वैसे भी खडगे देसी आदमी हैं, इस देश को बखूबी समझते हैं। कहीं न कहीं तो पहुंचाएंगे ही। परंतु खडगे भी बेचारा क्या कर सकता है। दुनिया की नजर में तो वह आगे-आगे दिखाई देता है, लेकिन आज्ञा पीछे से राज परिवार ही दे रहा है। कभी दाएं मुड़, कभी बाएं मुड़। इस बुढ़ौती में खडगे साहिब परेशान हैं। लेकिन हर हालत में इस पुराने राज परिवार के बच्चों को इस देश के तख्त पर बिठाना है। पर बच्चे नटखट हैं। खडगे की सुनते नहीं, उन पर अपना हुक्म चलाते हैं। कभी सोरोस जार्ज के कन्धों पर सवार होकर चिकोटी काटते हैं और कभी अमेरिका की भारत विरोधी ह्यडीप सटेटह्ल के अंग संग दिखाई देते हैं। यह डीप सटेट इतना तो समझ ही गई है कि भारत को तोडे का जो सामान और पटाखे उसने लम्बे अरसे से तैयार कर रखे थे,

# राष्ट्र प्रथम के लिए लोकतंत्र बना चुनौती

एक देश में किसी तंत्र या संस्था का अस्तित्व उसकी राष्ट्रीय अस्मिता से बड़ा नहीं हो सकता, फिर चाहे वह उस देश की सत्ता हो या न्यायालय। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का संरक्षक बनकर और राष्ट्रीय अस्मिता के प्रति निष्ठा दर्शा कर ही राजनीति, संस्थाएं और तंत्र शक्ति अर्जित करते हैं। आज चुनाव जीतने के लिए जानता को मुफ्त स्कीमें दिए जाने पर कई विद्वान और संस्थाएं आपत्ति जता रहे हैं। चुनाव आयोग और न्यायालय ऐसी घोषणाओं से अर्थव्यवस्था पर बुरे प्रभाव पड़ने को लेकर सभी दलों को बार-बार चेता रहे है। इस प्रकार के प्रलोभनों से देश को होने वाली आर्थिक क्षति के प्रति जैसी चिंताएं परिलक्षित हो रही हैं, वैसा मंथन देश की समग्र चारित्रिक क्षति और वैचारिक एकरूपता में हो रहे ह्रास के प्रति आज तक किसी ने नहीं दिखाया। सत्ता और विपक्ष, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय, वाम और दक्षिणपंथ, लिबरल-कंजरवेटिव और जाति-धर्म के नाम पर दशकों से जारी राजनीति जनित प्रतियोगिता में पूरा देश इतने खेमों में बंट चुका है कि किसी राष्ट्रीय विषय पर भी सर्वस्वीकार्यता संभव नहीं रह गयी। आतंकी हमलों के माध्यम से भारत पर दशकों से हो रहे परोक्ष पाकिस्तानी आक्रमण पर तत्कालीन केंद्र ने इसके खात्मे के लिए सर्जिकल स्ट्राइक की नीति अपनायी जिसकी विश्वसनीयता पर भारत के ही कुछ राजनीतिक दल और उनके समर्थक शत्रु की भाषा बोलने लगे। जम्मू-कश्मीर पर भारत के अधिकार को परोक्ष रूप से कमजोर करने वाली धारा 370 को खत्म किये जाने पर भी राजनीति का वही राष्ट्रीय अस्मिता विरोधी रवैया सामने आया। फिर चाहे अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला विराजमान की पुनर्स्थापना हो या ज्ञानवापी और श्रीकृष्ण जन्मस्थान का अनसुलझा मसला, सभी जगह राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने सत्यता पर आंख मूंदकर तुष्टिकरण के लिए सामाजिक विद्वेष बढ़ाने का ही कार्य किया है। जबकि इस प्रकार के राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर राजनीति का स्वभाव निरपेक्ष अभिभावक की भांति होना चाहिए। जिस प्रकार हमारा संविधान विश्व के सबसे दीर्घजीवी संविधानों में एक है और हमारे संतृप्त व सहनशील समाज ने इसकी कमियों को दूर करने के लिए कभी अपेक्षित दबाव नहीं बनाया। ठीक उसी प्रकार भारत के बहुसंख्यक समाज ने 1935 में परतंत्र भारत पर बलात थोपे गए गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट की भी वांछित समीक्षा नहीं की। जो समालोचना हुई भी, उसपर समाज और शासन ने कभी ध्यान नहीं दिया। अन्यथा इस एक्ट को भी भारत के संदर्भ में पुनर्परिभाषित किया जाता। 18वीं सदी के आखिरी दशकों में सत्ता संचालन के जिस लोकतांत्रिक स्वरूप को लोकप्रियता मिली, उसके उदाहरण आर्थिक रूप से समक्ष और कम जनसंख्या वाले देशों से थे। सन 1900 में लोकतंत्र के सबसे बड़े उदाहरण अमेरिका की आबादी महज 7.6 करोड़ थी जो आज के उत्तर प्रदेश की एक तिहाई से भी बहुत कम है। वहीं समग्र 40 करोड़ की आबादी वाले कोलोनियल ब्रिटिश अंपायर ने अपने देश मे लोकतंत्र के साथ राजशाही की शक्तियों को कायम रखा जबकि रूस और चीन जैसे बड़े देशों ने भी पूर्ण लोकतंत्र के स्थान पर साम्यवादी शासन का मॉडल अपनाया। कालांतर में इन देशों ने राष्ट्रपति और कैबिनेट की असीम शक्तियों के माध्यम वोटबैंक वाले लोकतंत्र से विदाई ही ले ली। संभवतः इन देशों के नीतिनिर्धारकों ने वोटबैंक की आड़ में देश की विधारधारा को विभक्त किए जाने से राष्ट्रीय नीति पर पड़ने वाले प्रभावों को समझ लिया था। यही कारण रहा कि इन देशों में लोकतंत्र नहीं होने पर भी इनका समग्र विकास भारत से भी कहीं अधिक तेज गति से होता रहा। नव स्वाधीनता के खुमार में उस दौर की पीढ़ी ने चालाक अंग्रेजों के बनाए और थोपे गए एक्ट को दुर्भाग्यवश अपना पूर्ण हितैषी मान लिया जिसका व्यवहारिकता से कोई संबंध नहीं था। मदनलाल ढींगरा और उधमसिंह से भयभीत गोरे चाहते थे कि भारत छोड़ने के बाद उन पर कोई नया संकट न आए। यही कारण था कि 19वीं सदी में उपनिवेशों की समाप्ति के समय ब्रिटेन ने जिन देशों को छोड़ा, वहां ऐसी व्यवस्थाएं खड़ी कर दीं जिससे वह देश भविष्य में उनसे प्रतिशोध न लें और नव-स्वतंत्र राष्ट्रों के बाजार यूरोपीय उद्योगों के लिए सदैव खुले रहें।

# अंतर्राष्ट्रीय गंभीर समस्या भ्रष्टाचार को हटाएं-नया भारत भ्रष्टाचार मुक्त बनाएं

**परिवर्तन यात्रा झारखंड से घुसपैठियों को निकालने, माता- बहनों को सुरक्षा देने, युवाओं को रोजगार देने, आदिवासी दलित व पिछड़ों का कल्याण करने के लिए आई है। भ्रष्टाचार के मामले पर कहा इन भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि इसका क्रियान्वयन शीघ्र तात्कालिक किया जाए, जिसकी अभी से सीधे रणनीति बनाकर टॉपअप से बॉटमअप तक व 747 जिलों से 5410 से अधिक तहसीलों तक पैनी नजर रखकर ऐसा जाल बिछाया जाए, कि एक चपरासी भी 10 रुपए की रिश्वत लेने से डरे! जिस तरह से माननीय गृहमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ बॉडी लैंग्वेज दिखाते हैं वह अब धरातल पर तात्कालिक लाना जरूरी है।**






**किशन सनमुखदास भावनानी**
**लेखक**


वैश्विक स्तरपर राजनीतिक भ्रष्टाचारियों को कड़ा संदेश देने के लिए दुनियाँ की न्यायपालिकाएं अब कमर कर चुकी है शायद यही कारण है कि दुनियाँ भर में न्यायपालिकाओं के पर खतरे जा रहे हैं, जिसका सटीक उदाहरण बुधवार दिनांक 18 दिसंबर 2024 को देर शाम फ्रांस के सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले से स्पष्ट होता है, बता दें फ्रांस की सर्वोच्च अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को भ्रष्टाचार और प्रभाव के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराते हुए उनकी एक साल की जेल की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ऑफ कसेशन ने बुधवार को इस मामले पर अपना अंतिम फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया, सजा और दोष अब अंतिम हैं। भारत में कुछ महीनों से नए भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल भारत, प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में झंडे गाड़ रहे भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था इत्यादि अनेक मिशन को लेकर खूब चचाएं हो रही है। टीवी चैनलों पर डिबेट हो रहे हैं जो इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। और हो भी क्यों ना क्योंकि यह विजन हमारे पीएम का ड्रीम विजन है। हम अक्सर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विजन 2047 का जिक्र सुनते हैं, जो हमारे देश के स्वतंत्रत भारत का 100 वाँ साल होगा और हमारे उपरोक्त सभी विजन का एक डेडलाइन निर्धारित साल है। हम आज से ही इन योजनाओं में सक्रिय हो गए हैं कि 2047 में हमारा भारत कैसाहोगा। साथियों इस नए भारत में एक बात को प्राथमिकता देना तात्कालिक अनिवार्य है, वह है भ्रष्टाचार को जीरो सहिष्णुता में लाना! क्योंकि यही वह कड़ी है जो प्राथमिकता से सभी योजनाओं, नीतियों और लक्ष्यों को बाधित कर देती है, साथियों जो विकास की योजनाएं चलती है उसमें एक छोटी टेबल से लेकर अंतिम मुख्य टेबल तक का रोल होता है। एक आम आदमी का काम भी एक छोटी टेबल से लेकर मुख्य टेबल तक होता है। परंतु इस बीच में भ्रष्टाचार का दीमक मलाई को चट कर जाता है जिसका दुष्परिणाम आम आदमी को ही भुगतना पड़ता है, पूरा बोझ इमानदार टैक्सपेयर पर पड़ता है, हमने बुधवार दिनांक 18 दिसंबर 2024 को देर शाम आई रिपोर्ट में देखे कि ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन, जिसमें कॉरपोरेट टैक्स, पर्सनल इनकम टैक्स और एसटीटी शामिल हैं, 19.21 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, यह पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 20.32 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। 1 अप्रैल से 17 दिसंबर, 2024 के बीच कुल 3.39 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए हैं, इसे कायम रखने के लिए इस भ्रष्टाचार रूपी दीमक को प्रशासनिक सख्ती, पारदर्शी व्यवस्था और नागरिकों की मुख्य सहभागिता रूपी दवाई से मिटाने में आसानी होगी। हमारे कुछ टेबल वाले अपवाद साथियों को भी सोचना होगा कि, भ्रष्टाचार के नशीले अहसास में रास्ते गलत पकड़ लिये और इसीलिये भ्रष्टाचार की भीड़ में हमारे साथ गलत साथी, संस्कार, सलाह, सहयोग जुड़ते गये।

जब सभी कुछ गलत हो तो भला उसका जोड़, बाकी, गुणा या भाग का फल सही कैसे आएगा? तभी भ्रष्टाचार से एक बेहतर हमें अपने परिवार की दुनिया बनाने के प्रयासों के रास्ते में भारी रुकावट पैदा हो रही है, इसका कारण है खोटी कमाई। इसीलिए हम नए भारत, आत्मनिर्भर, भारत 5 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था का भारत बनाने के लिए इस दीमक की बीमारी पर योजना बद्ध तरीके से रणनीतिक रोडमैप बनाकर काम करना होगा ताकि भ्रष्टाचारकी शून्य सहिष्णुता हो सके। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार समाप्त करने पर काम करने की करें तो शासन प्रशासन इस दिशा में अनेक योजनाएं, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 30 सालों के बाद संशोधन कर नए प्रावधान शामिल कर भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 कर उनमें अनेक प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिसमें ऐसी कार्रवाई में व्यक्तिगत और कारपोरेट संस्थानों के लिए भी प्रभावी रोकथाम की व्यवस्था की गई है। परंतु मेरा मानना है कि उसके बाद भी यह दीमक अपनी खुराक बराबर निकाल ही रहा है। साथियों अब समय आ गया है कि इस दीमक के लीकेजेस ढूंढकर उनकी खुराक बंद करने की व्यवस्था की जाए, जो नए और आत्मनिर्भर भारत की नीव के पहियों में से एक साबित होगी। साथियों बात अगर हम अब छोटी से बड़ी टेबल वालों की करें तो अब उनकी भी जवाबदारी, जिम्मेदारी का सही, सचेत समय आ गया है कि हमारे पीएम की बात, ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, के मंत्र को एकदम गंभीरता से लेकर उसको अमल करना शुरू कर देंगे तो टेबल वालों का भी नए और आत्मनिर्भर भारत बनाने में उनका बहुत बड़ा योगदान माना जाएगा, क्योंकि दीमक को वह अपने पास फटकने ही नहीं देंगे तो दीमक की मृत्यु होना निश्चित है, जिससे शून्य सहिष्णुता का मंत्र हम खुद ही पा लेंगे। साथियों बात अगर हम माननीय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा अनेकों संबोधनों में भ्रष्टाचारीयों को उल्टा लटकाकर सीधा करने की बात करने की करें तो, 20 सितंबर 2024 केंद्रीय गृह मंत्री ने साहिबगंज से पार्टी की परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की इसके सभा को संबोधित किया। प्रदेश में पार्टी की सरकार बनाएं, भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे, परिवर्तन यात्रा पीएम के महान झारखंड विकसित झारखंड के सपने को पूरा करने का मकसद लेकर आई है।

# धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता: असमानता और अन्याय को दूर करने की औषधि

**समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय पहचान के तहत कई व्यक्तिगत पहचानों के सह-अस्तित्व को संभावित रूप से नष्ट करके इस सिद्धांत के साथ संघर्ष कर सकती है। समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश या दृष्टिकोण की अनुपस्थिति एक महत्त्वपूर्ण बाधा है। सभी व्यक्तिगत कानूनों को मिलाने या संवैधानिक जनादेश का पालन करने वाले नए कानून बनाने की जटिलता आम सहमति बनाने को जटिल बनाती है। अल्पसंख्यक अक्सर समान नागरिक संहिता को बहुसंख्यक दृष्टिकोण के थोपे जाने के रूप में देखते हैं, जिससे अनुच्छेद 25 और 26 के तहत उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होता है।**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
**लेखक**

धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता, जिसे समान नागरिक संहिता के रूप में भी जाना जाता है, सभी नागरिकों के लिए, चाहे उनकी धार्मिक सम्बद्धता कुछ भी हो, व्यक्तिगत मामलों-जैसे विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और संपत्ति के अधिकार-को नियंत्रित करने वाले कानूनों का एक ही सेट प्रस्तावित करती है। भारत वर्तमान में हिंदू कानून, मुस्लिम कानून (शरिया) और ईसाई कानून सहित धर्म पर आधारित कई व्यक्तिगत कानूनों के तहत काम करता है। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता का उद्देश्य इन विविध कानूनी प्रणालियों को एक समान संहिता से बदलना है जो सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू हो। इसका लक्ष्य विभिन्न समुदायों में और उनके भीतर कानूनी एकरूपता प्राप्त करना है, जिससे पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकार और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लिखित राज्य नीतियों के निर्देशक सिद्धांत में यह प्रावधान है कि ह्लराज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। ह्ल हालाँकि, एक निर्देशक सिद्धांत होने के कारण, यह न्यायोचित नहीं है। समान नागरिक संहिता उदार विचारधारा से जुड़ी है और उदार-बौद्धिक सिद्धांतों के अंतर्गत आती है। अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (भेदभाव का निषेध) और 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के अंतर्निहित सिद्धांतों का समर्थन करते हैं.... भारत में वर्तमान में पूरे देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू नहीं है। इसके बजाय, अलग-अलग समुदायों के लिए विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मुद्दों को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत कानून धर्म के अनुसार अलग-अलग होते हैं। प्रधानमंत्री ने एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत की है, जो डॉ. अंबेडकर के एकीकृत कानूनी ढांचे के दृष्टिकोण को प्रतिध्वनित करती है। इस आह्वान का उद्देश्य मौजूदा कानूनों के कथित सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण पहलुओं को सम्बोधित करना और कानूनी प्रणाली को एकीकृत करना है। सुप्रीम कोर्ट ने देश को धार्मिक आधार पर विभाजित करने वाले कानूनों को खत्म करने के लिए एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की आवश्यकता पर जोर दिया है। हिंदू कोड बिल सिखों, जैनियों और बौद्धों सहित हिंदुओं के लिए व्यक्तिगत कानूनों को संहिताबद्ध और एकीकृत करने के लिए पेश किया गया। गोवा में गोवा सिविल कोड (पुर्तगाली सिविल कोड 1867) के तहत एक समान नागरिक संहिता है, जो धर्म या जातीयता की परवाह किए बिना सभी गोवावासियों पर समान रूप से लागू होती है। उत्तराखंड ने हाल ही में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया है, जो अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सभी निवासियों पर लागू विवाह, तलाक और विरासत जैसे मामलों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करता है। समान नागरिक संहिता असमानता को बनाए रखने वाले पुराने व्यक्तिगत कानूनों को हटाकर धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखेगी। यह सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी उपचार सुनिश्चित करता है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, एक एकीकृत कानूनी ढांचे को बढ़ावा देता है जो राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। समान नागरिक संहिता व्यक्तिगत कानूनों में निहित भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करेगी, विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करने वाली प्रथाओं को। नागरिक कानूनों को मानकीकृत करके, यह सभी के लिए समान अधिकारों और सुरक्षा की गारंटी देगा, सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाएगा। यहाँ तक कि एक धर्म के भीतर भी, इसके सभी सदस्यों को नियंत्रित करने वाला एक भी सामान्य व्यक्तिगत कानून नहीं है। उदाहरण के लिए, मुसलमानों के बीच विवाह के पंजीकरण के लिए, कानून जगह-जगह अलग-अलग होते हैं। समान नागरिक संहिता विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे नागरिक मामलों पर केंद्रित है, जिसमें धार्मिक प्रथाओं को अछूता रखा गया है। यह दृष्टिकोण अन्य लोकतंत्रों में प्रथाओं के साथ संरेखित है जहाँ धार्मिक स्वतंत्रता के साथ एक समान कानूनी ढांचा मौजूद है। समान नागरिक संहिता भारत के कानूनी ढांचे को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाएगी, जटिल और असंगत व्यक्तिगत कानूनों को सरलीकृत प्रणाली से बदल देगी। इससे कानूनी अनिश्चितता कम होगी और कानूनी खामियों का फायदा उठाने से रोका जा सकेगा। उदाहरण के लिए, सरला मुद्गल बनाम भारत संघ के मामले ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे व्यक्ति कानूनी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए व्यक्तिगत कानूनों में अंतर का फायदा उठा सकते हैं। समान नागरिक संहिता को लागू करने से कई व्यक्तिगत कानून विवादों को कुशलतापूर्वक हल करके न्यायपालिका पर बोझ काफी कम हो जाएगा। इससे अन्य महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए संसाधन मुक्त होंगे, जिससे समग्र न्यायिक प्रभावशीलता में सुधार होगा। मार्च 2022 तक भारत की अदालतों में लगभग 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं, न्यायपालिका लंबित मामलों को निपटाने के लिए संघर्ष कर रही है। वैश्विक धारणाः समान नागरिक संहिता को अपनाने से समानता, धर्मनिरपेक्षता और मानवाधिकारों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करके वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ावा मिल सकता है। संवैधानिक कर्तव्य की पूर्तिः भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। समान नागरिक संहिता धर्म को सामाजिक सम्बंधों और व्यक्तिगत कानूनों से अलग करेगी, समानता सुनिश्चित करेगी और इस प्रकार सद्भाव और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देगी। भारतीय कानून पहले से ही कई सिविल मामलों में एक समान संहिता बनाए रखते हैं, जैसे कि भारतीय अनुबंध अधिनियम और सिविल प्रक्रिया संहिता। हालाँकि, राज्यों ने कई संशोधन किए हैं, जिससे धर्मनिरपेक्ष नागरिक कानूनों के भीतर भी विविधता आई है। संविधान के अनुच्छेद 371 (ए) से (आई) और छठी अनुसूची कुछ राज्यों को विशेष सुरक्षा प्रदान करती है, जो पारिवारिक कानूनों में क्षेत्रीय विविधता की मान्यता को दशार्ती है। समवर्ती सूची में व्यक्तिगत कानूनों को शामिल करना इस विविधता की सुरक्षा का समर्थन करता है, जो अनुच्छेद 44 के तहत एकरूपता के लिए दबाव के साथ विरोधाभास को उजागर करता है। समान नागरिक संहिता भारत के बहुलवादी समाज के लिए खतरा हो सकती है, जहाँ लोगों की अपने धार्मिक सिद्धांतों में गहरी आस्था है। भारत के 2018 के विधि आयोग ने कहा कि इस स्तर पर समान नागरिक संहिता ह्लन तो आवश्यक है और न ही वांछनीयह्व, इस बात पर जोर देते हुए कि धर्मनिरपेक्षता को सांस्कृतिक मतभेदों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करना चाहिए।

# कैसे चलेगा देश जब मची हो चिल्लम-चिल्ली?

संसद के मकर द्वार पर मचा देश व्यापी हो-हल्ला क्यों और किस दिशा पर ले जाने वाला सिद्ध होगा, यह गंभीर जांच प्रक्रिया का विषय माना जा सकता है। सवाल यह उठता है कि आखिर देश को चलाने वाले राजनीति के कर्णधार वर्तमान पीढ़ी को क्या सीख देना चाहते हैं? कभी संविधान को लेकर तो कभी संविधान को रचने वाले को लेकर बवाल खड़ा करना कहां तक उचित है? कोई संविधान को डायरी का रूप देकर मखौल उड़ाता है तो कोई बार-बार किए गए संशोधन पर प्रश्न चिन्ह लगाता है! आखिर देश को विधिमान्य तरीके से चलाने का दिशा-निर्देश समेटे भारतीय संविधान कब तक वोट की राजनीति से सना दिखाई पड़ता रहेगा? इन सारे मुद्दों पर शायद संसद में बैठे हुए लोग चिंतन करने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं! देश की जागरूक जनता को ही यह समझना होगा कि देश हित में क्या होना चाहिए और उसके लिए किस तरह की सरकार चुनी जानी चाहिए। अब तो लोग इंसान को भगवान का दर्जा देने की परंपरा को लेकर विकास की गाथा लिखने का प्रयास करने लगे हैं! न तो यह पहले संभव था और न ही भविष्य में हो पाएगा! बड़े-बड़े न्यूज चैनल पर जब पूरा विश्व इस तरह के दृश्यों को देखता है तो यह सोचने विवश हो उठता है-क्या यही वह भारत है जो संस्कृति और परंपरा के साथ भाई-चारे का गुणगान करता फिरता है? भारतीय राजनीति का एक और काला अध्याय 19 दिसंबर को संसद के द्वार पर राजनीतिकारों ने लिख डाला! विगत तीन-चार दिनों से गृह मंत्री के उदबोधन के उपरांत संविधान निमार्ता के मान-सम्मान को दृष्टिगत कर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने, तना-तनी की स्थिति में दिखाई पड़ता रहा है। गुरुवार को पूर्वाह्न स्थिति कुछ ऐसी बिगड़ी कि मेरी नजरों के सामने तो बे-वजह पैदा होने वाले विवाद के दृश्य चलचित्र की भांति चलने लगे। कौन किसकी बे-इज्जती करना चाहता है और कौन किसे सिर-आंखों पर बैठाना चाहता है, इसे भी देश की जनता बखूबी समझ रही है। सत्ता पक्ष के लोग यह आरोप लगा रहे हैं कि विपक्ष के प्रमुख नेता ने मकर द्वार पर महिला जन-प्रतिनिधि के साथ बद-सलूकी की, जबकि दूसरी ओर विपक्ष का वही नेता अपनी सफाई में यह कहता फिर रहा है कि उसके साथ धक्का-मुक्की की गई!

वास्तविकता चाहे जो भी हो पूरे विश्व ने भारतीय संसद की चौखट पर लोकतंत्र को तार-तार होते देखा! इस प्रकार के अमानवीय दृश्य ने देश की राजनीति के भीतर छिपे स्वार्थ को ही जग-जाहिर किया है। अपने-अपने दावों को पुख्ता बताने वालों ने यह भी नहीं सोचा कि देश की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति इस तरह की चिल्लम-चिल्ली से किस कदर कराह उठेगी? संसद की डेहरी पर मचे बवाल ने देश सहित पूरे विश्व को यह दिखाने से भी परहेज नहीं किया कि बच्चों की तरह लड़ने-झगड़ने से किसका सिर फूटा और किसे अस्पताल की शरण लेनी पड़ी। इतना ही नहीं खुद को दूध का धुला बताते हुए एक-दूसरे पर दोषारोपण भी कम नहीं किए गए। प्रमुख विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी पर हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन आपराधिक धाराओं के तहत मामला भी थाने में दर्ज करा दिया गया! कौन दोषी है और कौन नहीं? अब यह देश की जनता नहीं बल्कि कोर्ट में बैठे न्यायाधीश तय करेंगे! इतना जरूर है कि संसद की चहार-दिवारी पर एक महिला सांसद का अपमान के बाद रुदन स्वर कहीं न कहीं बद-मिजाजी की कहानी जरूर कह रहा है। संविधान की 75 वर्षीय गौरवशाली यात्रा पर संसद में बोल रहे गृह मंत्री अमित शाह के कथन संविधान रचयिता को किस तरह से अपमानित करने वाले लगे इसे भी कोर्ट में सिद्ध करने की जरूरत होगी। जहां तक विवाद को राजनीति से जोड़कर देखा जाए तो एक जागरूक नागरिक और मतदाता इसे वोट की राजनीति से कम नहीं मानता है। आज संविधान और संविधान निमार्ता को लेकर हो-हल्ला मचाने वालों को अपने पूर्ववर्ती बर्ताव पर भी नजर घुमाने की जरूरत महसूस करनी होगी। पानी पर लकीर खींचने की असफल कोशिश कहीं बे-वजह के विवाद के कारण अस्तित्वहीन ही न कर दे, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### अनवल में खेल मैदान का शिलान्यास शिलापट्ट तोड़ा

प्रातः किरण, संवाददाता

कोपा । कोपा थाना क्षेत्र के अनवल पंचायत में स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विधालय अनवल के खेल मैदान में बन रहे खेल मैदान के शिलान्यास पट्ट को असमाजिक तत्वों बृहस्पति को रात्री तोड़ दिया ।इसे लेकर अनवल पंचायत के मुखिया शालीनी देवी ने कोपा थाने में आवेदन दिया है ।आवेदन में आरोप लगाया गया है कि नाइट गार्ड की मिलीभगत एक सोची समझी साजिश के तहत गांव के ही कन्हैया कुमार शर्मा,धर्मवीर कुमार सिंह,लालबहादुर कुमार महतो ने शिलान्यास के समय ही धमकी दिए थे कि कार्य नहीं होने देंगे। अगर कार्य कराना है तो पचास हजार रुपये हमलोगों को देना पड़ेगा ।ये सभी लोग घर पर चढ़ कर गाली गलौज तथा मारपीट की धमकी भी दे रहे है। फिलहाल कोपा थानाध्यक्ष पिन्टू कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है। मालूम हो कि खेल मैदान के शिलान्यास कार्यक्रम में ही कनीय अभियंता तथा पंचायत रोजगार सेवक के साथ भी मारपीट हुई थी ।जिसे लेकर कोपा थाने में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई तथा तत्क्षण उक्त समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। इनमें भूमि एवं राजस्व से संबंधित 22 आवेदन, पुलिस से संबंधित 3 आवेदन , पंचायतीराज से संबंधित 3 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 3 आवेदन, शिक्षा विभाग से संबंधित 8 आवेदन, ग्रामीण विकास से संबंधित 5 आवेदन, आइसीडीएस से संबंधित 1 आवेदन, विद्युत से संबंधित 1 आवेदन सामान्य शाखा से संबंधित 2 आवेदन बैंकिंग से संबंधित 1 आवेदन तथा सहकारिता से संबंधित 1 आवेदन दिये गए। सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को इन आवेदनों के निष्पादन हेतु त्वरित कार्रवाई का निदेश दिया गया।

### सारण पुलिस के विशेष अभियान में 39 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों / अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन / बिक्री/भण्डारण/ निर्माण / परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक- 19.12.2024 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-39 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब कारोबार में-06, शराब सेवन-15, वारंट में-04, चोरी में-05, एससी/एसटी एक्ट- 01, अपहरण में 04 आर्म्स एक्ट में-02 एवं खनन में 02 अभियुक्त शामिल हैं।

जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 117 वाहनों से 1,83,500 रू0 जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-125.80 ली0, विदेशी शराब-281.43 ली0, मोटरसाइकिल-05, चार पहिया वाहन-01, मोबाइल-03, ट्रैक्टर-04, ट्रक-01 एवं खोखा-03 बरामद किया गया है।

### आए दिन हो रही है दुर्घटनाएं, इनका केंद्र बना है लालू चौक

छपरा कार्यालय। सारण जिला में तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है. वहीं छपरा-सोनपुर मार्ग स्थित लालू चौक दुर्घटना का केंद्र बना हुआ है. जहां आए दिन सड़क हादसे में किसी न किसी की मौत हो रही है. स्थानीय लोगों की माने तो लालू मोड़ पर छपरा और हाजीपुर से आने वाले वाहनों के साथ पटना की तरफ से छपरा और सोनपुर आने वाले वाहन भी एक साथ निकलते हैं और वहां गोलंबर नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही है. हालांकि उक्त स्थल पर गोलंबर बनाये जाने की मांग भी उठी है. आज भी छपरा-सोनपुर एन एच-19 स्थित लालू चौक पर फिर एक बार हादसा हुआ है. जहां अनियंत्रित होकर टेंपो के पलटने से टेंपो सवार एक युवक की दबकर मौत हो गई है.

जबकि अन्य लोग घायल हुए हैं जिनका उपचार किया गया. मृतक की पहचान पहलेजा थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी अजीत राय के 21 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि विकास सुबह में टेंपो से कहीं जा रहा था, उसी बीच सोनपुर थाना अंतर्गत लालू चौक पर अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गई।

# 16 साल पहले बिछड़ा बेटा फेसबुक की मदद से मां बाप को मिला

## युवक मनीष गिरी आठ वर्ष की उम्र में 2008 में घर से नाराज होकर चला गया था

नसीम खान क्या



बगहा। पश्चिम चंपारण में 16 साल से बिछड़ा बेटा माता पिता से फेसबुक की मदद से मिल पाया। पिपरासी प्रखंड के पिपरासी पंचायत के परसौनी गांव का मामला है। बुधवार को देर शाम 16 वर्ष बाद गांव पहुंचे युवक को देख उसके माता पिता के आंखों से खुशी के आंसू बहने लगे। वहीं युवक को देखने के लिए पंचायत के मुखिया राजकुमार सहनी, बीडीसी नीरज शर्मा समेत ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

साल 2008 में लड़का गुम हो गया था ।लगभग एक माह पूर्व उसने अपने फेसबुक के माध्यम से अपने पंचायत के मुखिया और बीडीसी को देखा। इससे वह सर्च किया तो अंदेशा हुआ कि शायद यही मेरे गांव के हो सकते है। इस पर उसने फेसबुक के माध्यम से अपने यहां के जनप्रतिनिधियों का नंबर लेकर अपने पिता के बारे में जानकारी लिया। जब उसे पता लगा कि उसके माता पिता जिंदा है तो वह घर आने के लिए सोचने लगा। जनप्रतिनिधियों के नंबर से पता लेकर वह घर पहुंचा ।जब बेटा घर पहुंचा तो उसे जिंदा देख कर घर वालों के आंखों से खुशी के आंसू बहने लगे। वहीं युवक की मां ने बताया कि उसे हमेशा लगता था कि उसका पुत्र कही न कही जिंदा है। ग्रामीणों ने कहा कि सोशल मीडिया ने बिछड़े परिवार को एक साथ मिला दिया ।इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों ने बताया कि युवक मनीष गिरी आठ वर्ष के उम्र में 2008 में घर से नाराज होकर भाग गया था। उसके भाग जाने के बाद उसकी माता नीतू देवी और पिता उमेश गिरी ने काफी खोजबीन किया लेकिन वह नहीं मिला।

हार थक कर परिजनों को यह लगा कि शायद उसकी मृत्यु कही हो गई हो। वहीं युवक ने बताया कि घर से नाराज हो कर वह ट्रेन से किसी तरह बैंगलौर चला गया। वहां पर वह इधर उधर घूमते हुए किसी तरह पेट भरता था। वह बाद में बिल्डिंग करने वालों के साथ लेबर का काम करते करते बिल्डिंग का मिस्त्री हो गया। उसे केवल अपने पंचायत और पिता का नाम याद था, लेकिन वह कैसे घर जाए, किस जिला में है यह सब मालूम नहीं था।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ीकरण को लेकर सीएचओ को दिया गया प्रशिक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। अब समुदाय को घर के पास हीं उच्च गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई पहल की जा रहीं है। इसी उद्देश्य के साथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरो पर बेहतर सुविधाएं मुहैया करायी जा रहीं है। जिसमे परिवार नियोजन की सेवा भी उपलब्ध करायी जा रहीं है। गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन की सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा जीएनएम स्कूल में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमे जिला स्वास्थ्य समिति के योजना समन्वयक रमेश चंद्र कुमार और पीएसआई के परिवार नियोजन समन्वयक राजीव श्रीवास्तव के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डीपीसी ने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेंटर पर आने वाली महिलाओं को परिवार नियोजन कि सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पर सभी तरह अस्थायी सुविधा उपलब्ध है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूक करना है। परिवार नियोजन के अस्थाई साधन जैसे - कॉपर टी, अंतरा सूई, छाया गोली, कंडोम, माला एन व अन्य। ये सभी सुविधाएं बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध हैं। पीएसआई के परिवार नियोजन समन्वयक राजीव श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण में शामिल सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को परिवार नियोजन के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। क्योंकि परिवार नियोजन के लिए आईयूसीडी सबसे उचित माध्यम है ।आईयूसीडी से होने वाले लाभ एवं लगाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर विस्तार पूर्वक बताया गया। उपस्थित प्रतिभागियों को दो बच्चों के बीच दो या दो से अधिक वर्ष के अंतराल के लिए आईयूसीडी के प्रयोग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अंतरा छाया, कॉपर टी एवं कंडोम सहित कई अन्य प्रकार का उपयोग से बच्चों के बीच उम्र का अंतर रख सकते हैं। इससे बच्चों की समुचित देखभाल के साथ ही महिलाओं का स्वास्थ्य भी तंदुरुस्त रखने में आप सभी की सहभागिता जरूरी होता है। क्योंकि आप सभी को परिवार नियोजन से संबंधित स्थायी तौर पर सुविधाओं का लाभ देने के लिए अलग- अलग लक्ष्य निर्धारित किया जाता है।

डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि सीएचओ द्वारा ग्रामीण इलाको में रहते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को क्रियान्वयन करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिसके तहत ग्रामीण इलाकों के मरीजों का इलाज करना, स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी का संचालन करना,गर्भवती और स्तनपान करने वाली महिलाओ को उचित सलाह देना होता हैं। हालांकि इसके अलावा आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य से संबंधित सभी तरह के प्राथमिक उपचार मुहैया कराने की जिम्मेदारी होती हैं। एक तरह से देखा जाए तो सामुदायिक स्वास्थ अधिकारी (सीएचओ) ग्रामीण इलाको में स्वास्थ्य सेवाएं को जन-जन तक पहुंचाने एवं किसी भी तरह की बीमारियों से बचाने में परामर्श अहम भूमिका निभाते है।

## बकुलहर पंचायत में खेल मैदान के निर्माण का हुआ शिलान्यास



प्रातः किरण, संवाददाता

चनपटिया ।प्रखंड के बकुलहर पंचायत स्तिथ संस्कृत विद्यालय में गुरुवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत खेल मैदान निर्माण का शिलान्यास किया गया ।मुखिया प्रतिनिधि इंद्रेश कुशवाहा शिक्षक सुरेंद्र खरवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर खेल मैदान का शिलान्यास किया ।मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि यह योजना कुल 998709 रुपए की है। इस राशि से खेल मैदान का निर्माण होना है ।वही शिक्षक सुरेंद्र खरवार ने बताया कि कैंपस में खेल मैदान का निर्माण होने से छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित हैं। यह कार्य 2024-25 वित्तीय वर्ष में पूरा कर दिया जाएगा। जिससे सभी छात्र मानसिक, शारीरिक एवं स्वच्छ वातावरण में इस खेल मैदान का लुफ्त ले सकेंगे। मौके पर कनीय अभियंता विजय कुमार,पीआरएस सुशील कुमार

पीटीए धर्मेंद्र कुमार, कार्यपालक सहायक राजकुमार सोनी,वार्ड सदस्य राजू बैठा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# बरनवाल युवा मंच के कार्यालय में बैठक का हुआ आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता



बोतिया(मोहन सिंह) ।नरकटियागंज के आर्य समाज चौक अवस्थित बरनवाल युवा मंच के कार्यालय में बैठक हुई अध्यक्षता रंजीत प्रसाद बरनवाल ने की बैठक में रंजीत ने बताया कि बरनवाल समाज के आदिपुरुष महाराजा अहिबरन की जयंती 22 दिसंबर को नगर के गोपाला ब्रह्म स्थान में धूमधाम से मनाई जाएगी, साथ ही सुबह में भव्य झांकी निकाली जाएगी झांकी के दौरान बरनवाल समुदाय के नन्हें-मुन्हें बच्चे द्वारा झांसी की रानी,भारत माता,राधा कृष्ण के चित्रण का प्रदर्शन किया जाएगा वही, सचिव आशीष बरनवाल ने बताया कि महाराज अहिबरन की पूजा व झंडोतोलन होगा महिलाओं व बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस,कुर्सी दौड़,डांस,पर्ची पढ़कर बोलो जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति की जाएगी उद्घाटन सत्र में अतिथि सम्मान,पुरस्कार वितरण, राजनैतिक चर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री सतीश चन्द्र दुबे होंगे, साथ ही डीडीसी सुमित बरनवाल,डीएफओ पीयूष बरनवाल सभापति रीना देवी,उपसभापति पूनम देवी के साथ अन्य मौजूद रहेंगे बैठक के दौरान बरनवाल युवा मंच के कोषाध्यक्ष राजू बरनवाल,संरक्षक मनोज बरनवाल,राजेश बरनवाल,आलोक बरनवाल,नवीन बरनवाल,राजन कुमार,अनुराग बरनवाल के साथ अन्य मौजूद रहें

## सीओ ने विभिन्न आठ नदी,पोखर मे डूबने से हुई मौत के मृतक के आश्रितो के बींच अनुग्रह राशि का दिया चेक

प्रातः किरण, संवाददाता



बनियापुर । स्थानीय अंचल कार्यालय कक्ष मे अंचलाधिकारी दीना नाथ कुमार ने क्षेत्र विभिन्न गांवो मे पिछले दिनों नदी ,पोखर मे डूबने से हुई मौत की घटना के आश्रितो को आपदा की राशि का चेक हस्तांतरित कर दिया है ।उन्होंने अपने स्तर से पीड़ित परिवार को सूचित कर विधिवत अनुग्रह राशि का चेक दिया है,जहा करही गाव मे पोखर मे डूबने से बृजकिशोर पंडित की हुई मौत के आश्रित रमावती देवी,नदी मे डूबने से कन्हौली मनोहर के सचिन साह के आश्रित माता बसंती देवी,बनफर गाव मे नदी मे डूबने से हुई मौत के मृतक पिंकी कुमारी की आश्रित कुसुम देवी,वही कन्हौली मनोहर गाव मे एक ही परिवार के दो बच्चो के नदी मे डूबने से हुई मौत के मृतक के आश्रित नमिता देवी,कन्हौली मनोहर गाव मे गड्ढा मे डूबने से नन्हक अली उर्फ हुसैन अली की हुई मौत के मृतक के आश्रित माता सलमा खातून को,तथा धवरी गा० मे सामूहिक सड़क दुर्घटना मे पवन कुमार की हुई मौत के मृतक के आश्रित सिगाहसनी देवी को सीओ द्वारा चार चार लाख का अनुग्रह राशि का चेक सौप दिया है ।जहा कई अंचल कर्मी शामिल थे।

## अचानक लगी आग से दलान झोपड़ी समेत एक घर जलकर राख

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा से है जहाँ पिपरासी प्रखंड के डुमरी भगड़वा पंचायत स्थित लक्ष्नही गांव में अचानक लगी भीषण आग में एक घर समेत झोपड़ी व दालान जलकर राख हों गया है। रिहायशी इलाके में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गईं जब तक आग बुझाई जाती घर में रखें सारे सामान गहने जेवर और करीब ढाई से तीन लाख नगदी जलकर राख हों गया ।दरअसल यूपी सीमा पर स्थित पिपरासी थाना क्षेत्र के लक्षनही गांव निवासी किसान शकूर मियां के घर में लगी भीषण आग से करीब सात लाख रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचा है । अगले महीने किसान के घर शहनाई बजने वाली थी ।

शकुर के पुत्र साबिर हुसैन की शादी सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अंतर्गत रउजा गांव में तय हुई थी और शादी की तैयारी के लिए तकरीबन तीन लाख रुपए नगदी अपने घर में रखा था । वहीं मकान बनवाने की फिराक में अग्नि पीड़ित किसान परिवार था तभी आग नें जमकर कहर बरपाया और पक्का मकान बनाने समेत शादी की खुशियाँ फिलहाल मातम में बदल गई हैं लिहाजा चित्कार और कोहराम मचा है ।बताया जा रहा है की अग्नि पीड़ित किसान करीब ढाई से तीन लाख रुपए व सोना एवं चांदी के कई आभूषण बनवाकर घर में रखें थे ।जो सब कुछ पल भर में जलकर खाक हों गया है ।र आशंका जताई जा रही है की किसान का घर गांव से कुछ दूर एक सरेह में स्थित है लिहाजा यह क्यास लगाई जा रही है कि रंजीश में किसी ने यह आग लगा दिया होगा । क्योंकि बिजली के शॉर्ट सर्किट से भी आग नहीं लगी है। इस मामले में पीड़ित परिवार के द्वारा अज्ञात के विरुद्ध एक आवेदन थाने में दिया जा रहा है।

इधर इस मामले में सीओ शिवम कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी को घटना स्थल पर भेजकर क्षतिपूर्ति का आंकलन के पश्चात आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा यथासंभव मुआवजा दिया जायेगा ।

## जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 14 मामलों की सुनवाई करते हुए समाधान किया गया



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी, अमन समीर के द्वारा आज कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 14 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 10 मामले में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 04 मामले में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सारण, नवादा पुलिस और एसटीएफ के संयुक्त अभियान में कुख्यात वांछित अपराधी लालबाबू मियाँ उर्फ आफताब आलम हुआ गिरफ्तार

**लालबाबू मियाँ के खिलाफ सारण जिलांतर्गत हत्या, लुट एवं डकैती के कई मामले दर्ज हैं**

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्ष में वांछित/ कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु लागातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक-20.12.24 को परसा थाना पुलिस टीम, रजौली थाना पुलिस टीम एवं एस०टी०एफ० टीम के संयुक्त कार्रवाई द्वारा परसा थाना कांड संख्या-79/24 दिनांक 07.03.24, धारा 392 भा०द०वि० के अभियुक्त लालबाबू मियाँ उर्फ आफताब आलम, पिता अब्बास मियाँ, सा०-हरपुर, थाना परसा, जिला-सारण को नवादा जिलान्तर्गत रजौली थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

लालबाबू मियाँ उर्फ आफताब आलम, पिता अब्बास मियाँ, सा०-हरपुर, थाना- परसा, जिला-सारण।

गिरफ्तार अभियुक्त लालबाबू मियाँ उर्फ आफताब आलम का अबतक का ज्ञात अपराधिक इतिहास :- 1. परसा थाना काण्ड सं0 45/18, दि० 20.03.18, धारा 302/120 (बी)/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं(वीए) एस.सी./एस.सी. एक्ट। . परसा थाना काण्ड सं0 187/18, दि० 17.09.18, धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट। 2 3. मुफस्सिल थाना काण्ड सं0-316/18, दि० 05.08.18 धारा 395/397 भा०३०वि०। मुफस्सिल थाना काण्ड सं0- 347/18, दि०-26.08.18, धारा 399/402/414 भा०द०वि० । 5. गरखा थाना काण्ड सं0 489/18, दि०- 11.12.18, धारा 395/397 भा०द०वि० ।

मढ़ौरा थाना काण्ड सं0- 155/18, दि० 20.04.18 धारा 395/397 भा०द०वि० ।परसा थाना काण्ड सं0-32/08, दि०- 29.04.08, धारा 461/379/427/34 भा०द०वि०।

परसा थाना काण्ड सं0-46/09, दि० 26.06.09, धारा 395/397 भा०द०वि० ।परसा थाना काण्ड सं०- 53/14, दि० 09.05.14, धारा /341/323/307/380/504/34 भा०द०वि०। परसा थाना काण्ड सं०- 98/17 दि० 11.06.17, धारा 20/22/29 एन.डी.पी. एस. एक्ट। 307/412 भा०द०वि० एवं 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट एवं परसा थाना काण्ड सं0- 196/18, दि० 23.09.18, धारा 399/402/414 भा०द०वि० एवं 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्सएक्ट। 12. परसा थाना काण्ड सं0- 198/18, दि० 30.09.18, धारा 399/402 भा०द०वि० एवं 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट। 13. परसा थाना काण्ड सं0 229/18, दि०- 07.12.18, धारा 394/302 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट।

टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी में पु०अ०नि० सुनील कुमार थानाध्यक्ष परसा थाना एवं थाना के अन्य कर्मी ।

एस०टी०एफ० टीम थे।

# सेवक संजयनाथ कालीन्यास विद्यालय का 27 वाँ वार्षिकोत्सव आयोजित

प्रातः किरण, संवाददाता



रक्सौल। सेवक संजयनाथ कालीन्यास विद्यालय का 27 वाँ वार्षिकोत्सव सह जगतगुरु वामाचार्य सेवक संजयनाथ महाराज का 59वाँ जन्मोत्सव विद्यालय परिसर में समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह का उद्घाटन डीआरडीए, प. चंपारण के निदेशक अरुण प्रकाश ने सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पटना के अवकाश प्राप्त सिविल सर्जन डॉ. शंकरनाथ, समाजसेवी अरविंद श्रीवास्तव और सुम्मीत श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में सभी विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सेवक संजयनाथ कालीन्यास हॉस्पिटल का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नृत्य, संगीत और प्रहसन की प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पटना के लेप्रोस्कोपिक एवं जेनरल सर्जन डॉ. आलोक अभिजीत को ह्यपीठाधीश पुरस्कारसे सम्मानित किया गया। सेवक संजयनाथ जी महाराज ने दोशाला, श्रीफल, पुष्पगुच्छ, चांदी निर्मित काली यंत्र, प्रमाण पत्र समेत रू. ग्यारह हजार का चेक प्रदान किया। डॉ. आलोक ने गुरुदेव के दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए विद्यालय के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवक संजयनाथजी महाराज ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में ऐसा कार्य अवश्य करना चाहिए जिससे संसार से जाने के बाद भी उसे याद रखा जाय। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों एवं भक्तों द्वारा केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की द्वितीय टर्मिनल परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा प्रधानाचार्य रवि रंजन वर्मा ने की। वर्ग तृतीय की दृष्टि कुमारी को बेस्ट ऑफ स्कूल का अवार्ड पीठाधीश ने स्वयं अपने हाथों से प्रदान किया। विभिन्न श्रेणी की प्रतियोगिताओं में अव्वल आये छात्र छात्राओं को अतिथियों ने मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन अंकिता एवं अनिल सिंह ने किया। इस मौके पर न्यास अध्यक्ष किरण शंकर, सचिव अमित सर्राफ, डॉ. स्वयंभू शलभ, ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, रजनीश प्रियदर्शी, नितेश वर्मा, वीरेंद्र सिंह, राजीव वर्मा, अखिलेश सिंह, ई अशोक कुमार, नवीन बरनवाल, कुंदन कुमार, राजीव जायसवाल, मोहन सिंह, अनंत गोस्वामी, संजीत मिश्रा, विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में भक्तगण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने हमेशा ही डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ साजिश किया : अभिषेक यादव

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया(मोहन सिंह) ।भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस के अनादर और संसद परिसर में राहुल गांधी के निंदनीय व्यवहार के खिलाफ सोवा बाबू चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया ।विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि राहुल गांधी के अहंकार से भरे आचरण के कारण भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत संसद परिसर में ही घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बीते दिन लोकसभा में अमित शाह जी द्वारा दिए गए बयान को कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा तोड़-मरोड़ कर जनता के बीच भ्रामक बातें फैलाई जा रही है जबकि यह पूरा देश जानता है कि कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब अंबेडकर के अपमान एवं दलित और आदिवासियों के प्रति उसकी दोयम दर्जे की सोच को ना तो भारत की जनता भूल सकती है और ना ही इतिहास कभी भूल पाएगा ।भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह व वरीय नेता आनंद सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि आजाद भारत के इतिहास में ये पहली ऐसी घटना है जहाँ स्वेम नेता प्रतिपक्ष द्वारा आदिवासी समाज से आने वाले सांसद को लोकसभा के परिसर में धक्का देकर सीढ़ी पर नीचे गिरा दिया जाता है ।इनके अनैतिक कार्यो के वजह से संसद की गरिमा को शर्मसार होना पड़ा हैं ।भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफ रही है ।उनको दो बार चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू जी के द्वारा प्रचार करके हरवाया गया है ।साथ ही उनके कांग्रेस के शाशन काल मे भारत रत्न का भी विरोध किया गया है ।ऐसे में जब 1990 में भाजपा समर्थित केंद्र में सरकार थी तब बाबा साहेब को भारत रत्न से नवाजा गया है ।वही इस विरोध प्रदर्शन में शामिल सभी कार्यकताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर की विरासत के रक्षा के लिए जिले के सभी मंडलो में कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस को बेनकाब करने का संकल्प लिया ।मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मंगलम गुप्ता,जिला मंत्री मुन्ना गुप्ता व संजय यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, अभिषेक सर्राफ व राहुल चतुर्वेदी,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार,अक्षय लाल निषाद,नीरज तिवारी,सुरेष महतो,राजा साह,रमेश सिंह,धर्मेंद्र प्रसाद,सुजीत मंटू,लव कुशवाहा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धर्मेंद्र सिंह चौहान बने रिविलगंज सदर के भाजपा अध्यक्ष

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी ने अपने मंडल अध्यक्षों की घोषणा शुरू कर दी इस निमित्त रिबिलगंज सदर मंडल में डिलियारहिमपुर पंचायत के आर एन सिंह कॉलेज में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति के बाद भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता भाजपा के जिला उपाध्यक्ष, जिला मीडिया प्रभारी,जिला प्रवक्ता विभिन्न दायित्व का निर्वहन करने वाले विद्यार्थी परिषद 1996 से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाले धर्मेंद्र सिंह चौहान को रिविलगंज सदर मंडल का अध्यक्ष की घोषणा भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के द्वारा किया गया ।जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि धर्मेंद्र सिंह चौहान को रिविलगज सदर मंडल का अध्यक्ष बनने से पार्टी में मजबूती आगे और भाजपा पहले से और मजबूत होगी। पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद,रामदयाल शर्मा , प्रचार्य अरुण कुमार सिंह, एवं महामंत्री विवेक कुमार सिंह, शत्रुघन भक्त, द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया अपने मनोनयन पर धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहां किया की पार्टी का कार्यकर्ता हूं जो भी दायित्व मुझे पार्टी के द्वारा दिया जाए उसे निष्ठा निर्वहन करुंगा एवं पार्टी के मजबूती के लिए स्तर पर कार्य करूंगा प्रदेश अध्यक्ष सारण सांसद राजीव प्रताप रूड़ी विधायक डॉ सीएन गुप्ता, सहीत सभी जिला पदाधिकारियों का आभारी हूं इस दायित्व के लिए धर्मेंद्र चौहान के निर्गुण चुनाव पर रिविलगंज के नेताओं में हर्ष की लहर है हर्ष व्यक्त करने वालों में पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मदन सिंह, गामा सिंह,रविभूषण मिश्रा, बलवंत सिंह, अनुरंजन प्रसाद,सुधीर सिंह,राज कुमार तिवारी,प्रभात मिश्रा, अनूप यादव, शत्रुघ्न चौधरी धर्मेंद्र सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पद गाड़ी घर उपस्थित थे।

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से बच्ची की मौत

आरा। भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव में शुक्रवार की सुबह पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची धोबहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुरा गांव निवासी गोरख कहार की 5 वर्षीया पुत्री नव्या कुमारी है। इधर मृत बच्ची के बड़े पापा ने बताया कि उनके घर के पीछे गड्ढा है। जिसमें बाढ़ के समय आया पानी उसी में जमा हुआ है। शुक्रवार की सुबह-सुबह ट्यूशन पढ़ने गई थी। ट्यूशन पढ़ने वह घर वापस लौटी। इसके बाद वह खेलते-खेलते घर के पीछे स्थित पानी गड्ढे के पास चली गई। उसी बीच वह पानी भरे गड्ढे में गिरकर डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई। काफी देर बीत जाने के बाद जब परिजनों ने उसे खोजबीन करना शुरू किया। लेकिन वह कही नहीं मिली। इसके बाद परिजन पानी भरे गड्ढे में प्रवेश कर देखा तो वह उसमें डूबी हुई थी। जिसके बाद परिजनों नर उसके शव को पानी से बाहर निकाला। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## सुकहरा गांव में इंडियन नेवी में तैनात अधिकारी के घर को चोरों ने बनाया निशाना, चोरों ने लाखों रूपये की संपत्ति चुराई, जांच में जुटी पुलिस

### चोरी की इस घटना ने पूरे गांव में हड़कंप मचाया

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के सुकहरा गांव में इंडियन नेवी में तैनात दीपक कुमार के घर में लाखों की चोरी होने की मामला प्रकाश में आया है। इस घटना ने पूरे गांव में हड़कंप मचा दिया है। चोरों ने इस बार नेवी जवान की घर के साथ उनके पड़ोसी की घर को भी निशाना बनाया है।

छत के रास्ते से घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया की नेवी जवान की सहपरिवार बिक्रमगंज में रहकर मार्ट चलाते है। सात दिन पहले ही अपने गांव से बिक्रमगंज गए थे। गुरुवार को बिक्रमगंज से अपने गांव सुकहरा पहुंचे। देर शाम लगभग 7:30 बजे घर की मुख्य दरवाजा खोलकर घर की अंदर



प्रवेश किया तो देखा की घर के अंदर गोदरेज में रखे करीब 25 लाख की आभूषण चुरा लिया गया है।

साथ ही घर की अलमीरा, बाकस, बर्तन, सहित पूरा घर की समान बिखरा पड़ा है। और घर में रखे सभी कीमती सामान अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। यह भीषण चोरी की घटना सुकहरा गांव निवासी स्व. नगीना सिंह के पुत्र सतेंद्र कुमार सिंह की घर में होने की बात बताई जा रही है। सतेंद्र कुमार सिंह के पुत्र दीपक कुमार है, जो नेवी के जवान है, जिनका पिछले वर्ष शादी हुआ था। गोदरेज की लॉकर में उनकी पत्नी व मां की आभूषण रखा हुआ था। लॉकर को तोड़ कर रखे गए सभी आभूषण चुरा लिया गया है। पीड़ित के मुताबिक चोर उनके घर में छत के रास्ते घुसे थे।

घर से नगदी और सामान उठा कर ले गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बिक्रमगंज डीएपी कुमार संजय के साथ थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी, अपर थानाध्यक्ष रविभूषण कुमार सहित एफएसएल की टीम डॉग स्क्वायड के साथ घटना स्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली और जांच पड़ताल किया। डीएसपी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया की एफएसएल और डॉग स्क्वायड द्वारा घटना की जांच किया गया।

मामले की बहुत जल्द उद्भेदन किया जाएगा। पीड़ित द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन मिला है, एफआईआर दर्ज कर आगे की करवाई जारी है।

## बृंदावन की कथावाचिका पूज्य अर्चना दीदी की भागवत कथा हुई संपन्न
## आखिरी दिन हजारों भक्तगण कथा में हुए शामिल

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। मारुत नंदन सेवा समिति के भागवत कथा के आज समापन पर बृंदावन की कथावाचिका पूज्य अर्चना दीदी द्वारा भागवत कथा के भागवत कथा में हजारों भक्तगण की भागीदारी हुई जिन्होंने भागवत कथा का श्रवण किया।आज भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा जी की प्रेम भरी यारी के बारे में बताने के साथ ही साथ भगवान के विवाह के बारे में भक्तों को श्रवण कराया गया।भगवान श्रीकृष्ण- सुदामा की प्यारी झाकी दिखाई गई।महंत सुमन बाबा,अध्यक्ष सतेन्द्र नारायण सिंह ,त्रिवेणी सिंह के कुशल नेतृत्व में भागवत कथा भव्य रूप में हो रही है।मंच संचालन सचिव डॉ सुनील सिंह ने किया।इस अवसर पर राम सुरेश सिंह ,उर्मिला देवी,अशोक तिवारी कोषाध्यक्ष संजय राय सह सचिव कुमार मोहित,बबलू सिंह,इंदु देवी,वंदना देवी रोटी बैंक के राजेश कुमार,रवि सहाय ,कृष्ण



राज,सतीश सिंह,उदय राज,संतोष सिंह सहित कई भक्तगण उपस्थित थे। वही काशी धाम से पधारे रामलीला समिति के कलाकारो द्वारा रामलीला का मंचन किया गया।जिसका हजारों भक्तगणों ने आनंद लिया।जिसकी अध्यक्षता गुड्डू सिंह बाबुआन ने किया।

रामलीला का मंच संचालन अभय विश्वास भट्ट ने किया।

वही काशी से आये रामलीला मंडली के द्वारा सीता हरण, श्री शबरी राम भेंट एवं लक्ष्मण शक्ति प्रसंग को दर्शकों के बीच दिखाया गया। बीच बीच मे रामलीला मंडली द्वारा दिखाई गई झांकी लोगो के बीच आकर्षण बना रहा। प्रभु श्री राम द्वारा रावण वध को दिखाया गया। भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन ने कहा कि सनातन धर्म एवं धर्म जागरण के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन समय समय पर आगे भी होते रहेंगे। वही इन्होंने बताया कल रामलीला में कई प्रसंग आप सब के बीच दिखाए जाएंगे जो ऐतिहासिक होगा। वही समापन पर महाप्रसाद का वितरण भी होगा।

आज रामलीला मंच पर उपमेयर सरोज सिंह, डॉ विकास सिंह, राकेश सिंह मुखिया, रोहित कुशवाहा, जगा कुशवाहा,उमेश सिंह, सुनील पाठक, पवन जायसवाल को अंगवस्त्र एवं माला से सम्मानित किया गया।

मौके पर यशवन्त नारायण, संजय राय,अभय विश्वास भट्ट, रोहित सिंह बजरंगी, अंशु सिकरिवाल, अंकित राय, रबिश कुमार,विकास कुमार समेत कई थे।

## आईसीडीएस निदेशालय,समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा का किया गया बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिला पदाधिकारी भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में आई०सी०डी०एस०निदेशालय, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि 1 से 2 वर्ष की बच्चियों का आधार कार्ड बनवाकर योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण ट्रैकर योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही, उन्होंने पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित कर 15 जनवरी तक सभी 1-2 वर्ष के लाभार्थियों के आधार कार्ड निर्माण कार्य को पूर्ण करने का आदेश दिया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में हर घर नल का जल योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।

इस बैठक में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, सांख्यिकी सहायक और जिला मिशन समन्वयक उपस्थित थे।

## आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 26 दिसम्बर से दाखिला के लिए करें आवेदन

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज( रोहतास)। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिले का मौका 2025-26 सत्र के लिए शुरू कर दिया गया है। ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया की समय सीमा निर्धारित की गई है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक पंकज कुमार ने 26 दिसंबर से 25 जनवरी की तिथि को निर्धारित करते हुए 25 जनवरी तक पंजीकरण निर्धारित किया गया है। बच्चों के बीच ऑनलाइन स्कूल का आवंटन 15 फरवरी को किया जाएगा जबकि नामांकन की प्रक्रिया 16 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगी और पंजीकृत छात्रों का सत्यापन 30 दिसंबर से 10 फरवरी तक होगा।बिक्रमगंज अनुमंडल के टॉप प्राइवेट स्कूलों में गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ने का सपना एक बार फिर नए सत्र 2025-26 के लिए पूरा होगा। प्राइवेट स्कूल इस कोटे के 25% नामांकन में अब मनमानी नहीं कर सकेंगे बल्कि कोई भी मेधावी गरीब बच्चा प्राइवेट स्कूल में नामांकन ले सकेगा।अनुमंडल के सभी पंजीकृत प्राइवेट स्कूल में पहली कक्षा में उनका नामांकन होना है। पहली कक्षा की 25% सीट गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित रहेंगी। उसे बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार प्राइवेट स्कूलों को देगी। इसमें नामांकन के लिए जरूरी है कि बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के होने चाहिए। अनुसूचित जाति परिवार की सालाना आमदनी एक लाख से कम आर्थिक रूप से पिछड़े स्वर्ण परिवार की आमदनी 2 लाख रुपए सालाना से कम होनी चाहिए।

### ज्ञानदीप पोर्टल पर होगा आवेदन

पहली कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों के ज्ञानदीप पोर्टल पर एडमिशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए पोर्टल खोलकर उसमें एडमिशन के जिला सर्च करना है। इस पोर्टल पर जिला में जाने के बाद अपने प्रखंड अंतर्गत उसके हर प्राइवेट स्कूल का नाम दिखेगा। इसमें अपनी पसंद के पांच विद्यालयों में नामांकन के लिए विकल्प दे सकते हैं। अब 26 दिसंबर से 25 जनवरी तक इसका आवेदन होगा। इसके बाद बच्चों को विद्यालय आवंटित कर दिया जाना है। इसके पहले प्राइवेट स्कूल अपनी मर्जी से गरीब बच्चों का नामांकन लेते थे। अब शिक्षा विभाग ने पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन माध्यम से इसका आवेदन शुरू कराया है। प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन अध्यक्ष मो. अय्यूब खान ने बताया कि जिले के 366 प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत अलाभकारी समूह (वंचित समूह) व कमजोर वर्ग के बच्चों को नामांकन लेना है। इच्छुक बच्चे या उनके अभिभावक अविलंब ज्ञानदीप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एसोसिएशन के स्तर से जिले के उन्नीस प्रखंडों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### विभिन्न प्रखंडों में प्रस्वीकृति प्राप्त स्कूलों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| सासाराम | 80 | नासरीगंज | 17 |
| चेनारी | 10 | नौहट्टा | 03 |
| अकोढ़ीगोला | 15 | नोखा | 26 |
| बिक्रमगंज | 30 | राजपुर | 15 |
| दावथ | 12 | रोहतास | 11 |
| डेहरी | 52 | संझौली | 06 |
| दिनारा | 15 | शिवसागर | 15 |
| काराकाट | 10 | सूर्यपुरा | 16 |
| करगहर | 13 | तिलौथू | 16 |
| कोचस | 14 | | |

### संक्षिप्त खबरें

#### कोरम पूरा नहीं होने पर ग्राम सभा स्थगित

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत नोनहर में द्वितीय ग्राम सभा कोरम पूरा नहीं होने के कारण स्थगित कर दिया गया। मुखिया आभा देवी ने बताया कि ग्राम सभा में ग्रामीणों की उपस्थिति शून्य रही। जिसके कारण ग्राम सभा को स्थगित कर नई तिथि निर्धारित की गई है। अब ग्राम सभा 27 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। उन्होंने पंचायत सचिव रक्षक रंजन द्वारा द्वितीय ग्राम सभा के लिए समय से ग्रामीणों को सूचना नहीं दिये जाने का आरोप लगाया है। कहा कि अब ग्राम सभा 27 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 योजना का निर्धारित किया जाएगा। मुखिया ने पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि पंचायत स्तरीय सभी कर्मचारी,जिला स्तरीय पदाधिकारी प्रतिलिपि के द्वारा सूचना दिया जाए। साथ ही ग्राम सभा का प्रचार प्रसार पत्र के माध्यम से मोबाइल के माध्यम से ध्वनि यंत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत में दिया जाए।

#### अभाविप दक्षिण बिहार का 66वां प्रांत अधिवेशन हेतु किया गया प्रेस वार्ता

आरा। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांत का 66 वां प्रांत अधिवेशन बाबू वीर कुंवर सिंह जी व मां आर्यन देवी जी की धरती पर दिनांक 24 से 27 तक होना है। आपको बता दे कि दिनांक 24 दिसंबर को प्रदर्शनी उद्घाटन,25 को अधिवेशन उद्घाटन होना है,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 108 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज व विशिष्ट अतिथि के तौर पर एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री सुश्री शिवांगनी खारवाल जी उपस्थित रहेंगे। 26 दिसंबर को शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा व संध्या 8 बजे से संस्कृतिक कार्यक्रम होना है जिसमें मुख्य अतिथि भोजपुरी गायक अभिनेता श्री रितेश पांडेय उपस्थित रहेंगे। 27 को इस प्रांतीय अधिवेशन का समापन होना है। वहीं आज प्रेस वार्ता करते हुए इस अधिवेशन के व्यवस्था प्रमुख श्री चंदन तिवारी जी ने स्वागत समिति का घोषणा करते हुए बताया कि इस समिति के संरक्षक होंगे श्री पवन श्रीवास्तव, श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, श्री अजय सिंह होंगे। वहीं इस स्वागत समिति का अध्यक्ष आरा नगर निगम की महापौर श्रीमती इंदु देवी जी होंगी, वहीमंत्री डॉ अमरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष होंगे डॉ. प्रेम रंजन चतुवेर्दी,श्री आदित्यविजय जैन, डॉ रणविजय सिंह, श्री सूर्यभान सिंह आदि थे।

## प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत तिथि भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास) : राजकीय मध्य विद्यालय रणजीतगंज में शुक्रवार को प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत तिथि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीओ रविंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की बच्चियों द्वारा स्वागत गीत और नृत्य से हुई। बच्चों ने विभिन्न विषयों पर आधारित नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कुछ प्रमुख प्रस्तुतियों में ह्लजीना है तो पापा शराब मत पीना,ह्व ह्लमुझे पढ़ना लिखना सिखाया,ह्व और ह्लहम भीमराव के बच्चे हैंह्व जैसे प्रेरणादायक गीत शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि डीपीओ रविंद्र कुमार ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए तिथि भोज और इस योजना का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य बच्चों में सामाजिक समरसता विकसित करना और विद्यालय में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना है। अन्य प्रमुख वक्ता और विशेष क्षण कार्यक्रम में बीडीओ अंकिता जैन, सीओ हर्ष हरि, बीईओ रजनीश कुमार और रोहतास बीईओ कन्हैया कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक एकता के महत्व पर बल दिया। इस दौरान विद्यालय की छात्रा सिमरन कुमारी का जन्मदिन भी केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बैकुंठ राम और ममता कुमारी ने किया। मौके पर अमझोर एसआई मुन्ना कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक नंद किशोर प्रसाद, शिक्षक अजय कुमार पाल, बीआरसी शिक्षक और कर्मचारी, बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

### कार्यक्रम का महत्व

इस आयोजन ने बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ समाज और विद्यालय के बीच संबंध मजबूत करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत ऐसे कार्यक्रम सामाजिक और शैक्षिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं।

## राजस्व विभाग अंतर्गत दाखिल-खारिज, परिमार्जन, और अभियान बसेरा-2 की प्रगति की समीक्षा की गई

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिलाधिकारी भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया द्वारा राजस्व विभाग अंतर्गत दाखिल-खारिज, परिमार्जन, और अभियान बसेरा-2 की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को 75 और 35 दिनों से लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परिमार्जन से संबंधित आवेदनों के निष्पादन के लिए उन्होंने अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को कैंप मोड में लंबित मामलों को पूरा करने के निर्देश



दिए। साथ ही, खराब प्रदर्शन करने वाले बॉटम 3 राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। अभियान बसेरा-2 के तहत जारी ऑफलाइन पर्चों को विभागीय निर्देश के अनुसार ऑनलाइन करने और नए सर्वे कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया।


उन्होंने सभी भूमि सुधार उपसमाहताओं को इन सभी मामलों का सतत अनुश्रवण करते हुए समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता को रोस्टर बनाकर राजस्व कर्मचारियों द्वारा दाखिल-खारिज, परिमार्जन, और अभियान बसेरा-2 की प्रगति का प्रतिदिन अध्ययन एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सभी अंचलाधिकारियों को लंबित एनओसी के मामलों को अविलंब निष्पादित करने का आदेश दिया।

## हवन पूजन व विशाल भंडारा के साथ श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न

■ जिसको जपने से मन भर जाए उसी को मंत्र कहते हैं : जीयर स्वामी

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट(गोडारी) नगर पंचायत के बाद गांव में परम पूज्य संत श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित 13 दिसंबर से चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुक्रवार को पूजन-अर्चन, हवन, दीक्षारंभ संस्कार एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रवचन के दौरान लोगों को समझाते हुए कहा कि जिसको जपने से मन भर जाए उसी को मंत्र कहते हैं। मंत्र का मतलब होता है कि भटकाव से बचाए, गलत मार्ग से बचाए, गंदे कर्मों से बचाए। जिस व्यक्ति के पास जुआ, शराब, वेश्यावृत्ति की प्रवृत्ति बढ़ जाए उसका विनाश निश्चित है। उसे कोई नहीं बचा सकता। स्वामी जी ने कहा कि जहां की मिट्टी उसर या बंजर हो वहां पर घर मकान नहीं बनाना चाहिए। अगर मजबूरी बस उतनी ही भूमि हो तो कम से कम 10 फीट नीचे तक की मिट्टी निकाल कर फेंक देना चाहिए और उसमें दूसरे जगह से उपजाऊ मिट्टी डालकर तब घर बनाना चाहिए, नहीं तो वास्तु दोष लगता है। उस पर कभी भी विकास नहीं हो पाता है।



ना ही लक्ष्मी का वास होता है। जिस प्रकार आधुनिक युग में लोग बुलेट प्रूफ का इस्तेमाल करते हैं। उसी तरह संतों के लिए नारायण कवच है। नारायण कवच धारण करने के बाद उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाता है। उस पर हमेशा लक्ष्मी नारायण की कृपा बनी रहती है। यज्ञोपवीत तथा कन्यादान जीवन में एक ही बार होता है। दुर्भाग्यवश किसी की बच्ची को दोबारा विवाह करना पड़े। तो ऐसे ही कर देना चाहिए कन्या दान नहीं करना चाहिए। मनु महाराज के अनुसार यज्ञोपवित्र का उम्र 8 वर्ष 11 वर्ष 12 वर्ष है। पराशर महाराज जी के अनुसार दुगना हो गया है 16 वर्ष 22 वर्ष 24 वर्ष। इसी में मुहूर्त के अनुसार यज्ञोपवित करनी चाहिए। जो भी व्यक्ति धर्म से हटकर जीना चाहता है उसका विनाश निश्चित है। जो धर्म की मयार्दा का पालन नहीं करेगा उसका विकास कभी भी संभव नहीं है। स्वामी जी ने महायज्ञ की समापन पर हजारों गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल की वितरण किया। मौके पर प्रवचन के दौरान हजारों हजार श्रद्धालु मौजूद थे।

## चाकू मारने के मामले में जख्मी के बयान पर एक पर प्राथमिक की दर्ज

आरा। जिले के गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव में बुधवार की रात दोस्त द्वारा ही पैसे की विवाद को लेकर युवक को चाकू मारने के मामले में प्राथमिक ही दर्ज कर ली गई। गीधा गांव निवासी नंद लाल पासवान के पुत्र सह जख्मी चंदू पासवान के बयान पर उसी गांव के निवासी व दोस्त को ही नामजद आरोपित बनाया गया है। दर्ज प्राथमिक की में जख्मी चंदू पासवान ने कहा है कि बुधवार की रात गीधा गांव निवासी मो.मुन्ना के पुत्र मो.इमामुद्दीन से अपने दिए हुए ढाई सौ रुपए की मांग की तो उसके द्वारा बोला गया कि मैं पैसा नहीं दूंगा। इसी बात को लेकर दोनों आपस में गाली-गलौज करने लगे। तभी गुस्से में आकर उसके दोस्त मो.इमामुद्दीन ने उसे चाकू मार दी।

## उदय सिंह बने आम आदमी पार्टी के संयुक्त प्रदेश सचिव



आरा भोजपुर- उदय सिंह के आम आदमी पार्टी संयुक्त प्रदेश सचिव बनने पर उनके समर्थकों ने बधाई दी एवं शुभकामनाओं की होड़ लगी रही उदय सिंह का कहना है कि मैं इस पद पर पार्टी को आगे की ओर ले जाने के लिए भरपूर प्रयास करूंगा उन्होंने अपने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार किया।

## अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस पर तिलौथू प्रखंड कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

तिलौथू(रोहतास)। अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस के अवसर पर धर्मार्थ समर्पण न्यास के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमार (साइबर क्राइम एडवाइजर) की पहल पर तिलौथू प्रखंड कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन, अंचला अधिकारी हर्ष हरी, समाजसेवी एवं पत्रकार सत्यानंद सहित अन्य प्रशासनिक और सामाजिक पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रितेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है और वृक्षारोपण जैसे कदम पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन ने इस प्रकार के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण से न सिर्फ पर्यावरण में सुधार होता है, बल्कि यह समाज को भी जागरूक करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आने और हर संभव प्रयास करने की अपील की।

## कावेरी ने पायी एसएससी जीडी में सफलता



काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मिश्रवलिया निवासी योगेंद्र मिश्रा की पुत्री कावेरी कुमारी एसएससी जीडी में सफलता हासिल कर अपने माता पिता,गांव और प्रखंड का नाम रौशन की है। कावेरी की इस सफलता पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। लोगों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रह कर एसएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर कावेरी ने यह सावित कर दी है कि लगन और हौसला हो तो कम संसाधन में भी हम अपनी मंजिल प्राप्त कर सकते है। कावेरी ग्रामीण क्षेत्रों के लड़कियों के लिए प्रेरणा बनी है। कहती है कि अपनी मंजिल निश्चित कर लगन से परिश्रम करने से सफलता हासिल कर सकते है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दी है।

## पूर्व मंत्री आरके सिंह का जन्मदिन मनाया गया

आरा। आरा के पूर्व सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार आरके सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर आरा विधानसभा के चर्चित युवा भाजपा नेता समाजसेवी भोजपुर जिला बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुडडू सिंह बबुआन के नेतृत्व में 72 पाउंड का केक काटकर भव्य तरीके से जन्मदिन को मनाया गया इस मौके पर 72 दीप जलाकर हनुमान जी की आरती की गई इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन को खास बनाने के लिए हजारों लोगों के बीच खाने के पैकेट का वितरण किया गया आरा के महावीर मंदिर रमना मैदान में बडे ही धूमधाम से केक काटा गया। मंत्री ने भी अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया।

## केन्द्रीय मंत्री सह सांसद आर के सिंह का भाजपा जिला कार्यालय में जन्मदिन मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। पूर्व केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह पूर्व सांसद आर के सिंह के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मे मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर भोजपुर में विकास और संकल्प सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन कार्यक्रम संयोजक सह जिला उपाध्यक्ष ई.धीरेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित और वंदेमातरम से हुआ।कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह थे।मंचासीन अन्य वक्ताओं मे अवकाश प्राप्त मेजर राणा प्रताप सिंह,आदित्य विजय जैन एवं हरेन्द्र पांडेय शामिल थे। अतिथियों द्वारा पूर्व सैनिक और सैनिको की विधवाओ सहित पत्रकारो को अंगवस्त्र और फूल-माला से सम्मानित किया गया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह




दिल्ली आवास से ऑनलाइन जुड़ते हुए उपस्थिति लोगो का आभार व्यक्त किया। खचाखच भरे सभागार से नेताओं, कार्यकताओ और समर्थकों द्वारा अपने लोकप्रिय नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। उक्त अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने बधाई स्वीकार करते हुए संबोधन मे कहा कि भोजपुर जिला की जनता मुझे सबसे प्रिय है। मेरा संबंध भोजपुर जिला से बहुत पुराना है। भोजपुर जिला के लोग साफ-सुथरा होते है।वे अपने मन मे कुछ भी नही रखते। जिले के लोगो से जो प्रेम और स्नेह मुझे मिलता है,मै उसका कायल हूँ।मेरा प्रयत्न हमेशा यहाँ के लोगो और क्षेत्र का विकास करने का होता है जिसमे मुझे यहाँ के लोगो का भरपुर सहयोग प्राप्त होता रहता है। मै बिना भेदभाव के सभी जगह विकास का कार्य करने के लिए संकल्पित हूँ। आज मेरा विकास कार्य जिले भर के सभी पंचायतो मे दिखाई दे रहा है।मै जब सांसद और मंत्री नही था,तब भी प्रशासनिक पदाधिकारी रहते जिले मे विकास का कार्य करते आया हूँ। मुझे आरा लोकसभा क्षेत्र के सभी वर्गो का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त है। विकास का कार्य जारी रहेगा। उक्त अवसर पर जिला कार्यालय सभागार मे उपस्थित अतिथियों द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

भोजपुर के विकास और संकल्प सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सहि ने कहा कि आज हम ऐसे व्यक्तित्व का जन्मदिन मना रहे है,जो भोजपुर जिला के तस्वीर बदल दिया। केन्द्रीय मंत्री रहते हुए उन्होने घर-घर बिजली पहुंचाई।आरा का सांसद के रूप मे भोजपुर जिला का चतुमुर्खी विकास किया।आज भी जिले की जनता उन्हें प्यार और स्नेह के दृष्टिकोण से विकास पुरूष के रूप मे देखती है। आज भी जिले की जनता आर के सिंह को सांसद के रुप मे देखना चाहती है।जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि आज विकास पुरूष आर के सहि जी के जन्मदिन पर सेमिनार का आयोजन किया गया है।

## प्रखंड में रोक के बाद भी खेतों में पराली जला रहे किसान

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र के गम्हरिया और बड़ गांव के खेतो में प्रतिबंध के बावजूद किसान खेतों में धान की पराली जलाते देखे जा रहे हैं। खेतों में पराली जलाने से जहां वायु प्रदुषण बढ़ रहा है, वहीं भूमि की उपजाऊ क्षमता भी कम हो रही है। हालांकि प्रशासन ने पराली खेतों में नहीं जलाने को लेकर जागरूकता अभियान भी चला रहा है, इसके बावजूद भी पराली जलाने पर क्षेत्र में खेतों में पराली जलाने से किसान नहीं मान रहे हैं। धान की कटाई के बाद सरसों और गेहूं की बुआई आरंभ हो जाती है। किसान इन फसलों की अगेती बुआई करने के लिए धान की कटाई का कार्य पूर्ण होने के बाद पराली और फानों में आग लगा देते हैं।

बता दे की खेत में पराली जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है। इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। वहीं मिट्टी में मौजूद किसान मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं। इसका सीधा असर फसल के उत्पादन पर पड़ता है।

# जिलाधिकारी के लगाये जनता दरबार में पहुंचे 20 फरियादी,डीएम ने सुनी सबकी फरियाद

**दरबार में भूमि विवाद,अतिक्रमण,पानी. मुआवजा, कब्जा, अनुकम्पा, अपर समाहर्ता, रेवनु आदि के मामले आए**

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 20 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, अनियमितता, अतिक्रमण, नाली का पानी. मुआबजा, कब्जा, अनुकम्पा, शिक्षा विभाग, सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता, रेवनु, आईसीडीएस, विद्युत विभाग, पंचायत शाखा, उप विकास आयुक्त एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम कोचहासा निवासी नेहा कुमारी द्वारा बताया गया कि मेरे पिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय चिरारी विगहा में पंचायत शिक्षक के पद पर कार्यरत थे, जो मई 2021 में निधन हो गये हैं। अनुकम्पा के आधार पर मुझे शिक्षक के पद पर नियुक्त करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी अरवल एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी स्थापना को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम अगनुर निवासी मानकी दास द्वारा बताया गया कि मैं गरीब परिवार से हूँ तथा लगभग 50 वर्षों से गाँव में रह रहा हूँ। बरसात के दिनों में मिट्टी का मकान गिर गया है। पुनः मकान निर्माण के समय सरजु महतो व उनके परिवार द्वारा घर नहीं बनाने दिया जा रहा है तथा मारपीट के लिए हमेशा तैयार रहते है। मकान निर्माण में हो रही कठिनाईयों को पूर्ण करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी कलेर को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कुर्था प्रखण्ड स्थित मोलनाचक निवासी रंजीत कुमार द्वारा बताया गया कि मेरे जमीन पर जलेश चौधरी व उनके परिवार द्वारा उक्त जमीन पर नाँद एवं चुल्हा रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। अंचलाधिकारी कुर्था द्वारा इस संबंध में टाल मटोल कर रहे है। अतिक्रमण से मुक्त करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी कुर्था को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

# महादलित टोला में की जा रही विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण :डीएम

**डीएम ने मधुश्रवाँ मंदिर तक संपर्क पथ मरम्मती का दिया निर्देश**

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव के द्वारा कलेर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत वलिदाद, पहलेजा एवं इस्माईलपुर कोईल का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में ग्राम पंचायत पहलेजा एवं इस्माईलपुर कोईल अन्तर्गत महादलित टोला में की जा रही विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय, जमुहारी में निर्माण कार्य एवं मधुश्रवाँ मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा की जा रही कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, अरवल को निदेशित किया गया कि एन०एच० 139 से मधुश्रवाँ मंदिर तक के संपर्क पथ का मरम्मती नियमानुसार यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें। साथ ही भ्रमण के क्रम में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कलेर को निदेशित किया गया कि उक्त पंचायत में शिविर लगाकर पदाधिकारियों/कर्मियों की उपस्थिति दर्ज करते हुए पंचायत वासियों को मिलने वाले लाभ यथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास योजना एवं अन्य सभी तरह के योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित कराना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत वलिदाद अंतर्गत मध्य विद्यालय, वलिदाद के पास निर्मित अमृत सरोवर एवं मनरेगा द्वारा निर्माण किये जा रहे ग्रामीण हाट का निरीक्षण किया गया। उक्त निर्माण कार्य गति काफी धीमी होने के फलस्वरूप जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को निदेशित किया गया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए इसे यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। वलिदाद स्थित अमृत सरोवर के साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को साफ-सफाई हेतु निदेशित किया गया। अंचल अधिकारी, कलेर को निदेशित किया गया कि उक्त सभी पंचायतों में शिविर एवं अन्य माध्यमों से परिमार्जन एवं दाखिल खारिज का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

## डीएम ने जनता दरबार मे 400 से अधिक मामले को सुना संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर समाधान का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी का जनता दरबार मे जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने उपस्थित लगभग 400 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त,डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी , थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है।

## बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2024 शिक्षकों को लाभ देने के बदले सजा देने के लिए बनायी गई है :प्रणय

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार ने नई बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2024 को लेकर नाराजगी जाहिर किया है। श्री कुमार ने बताया कि नई नियमावली में शिक्षकों के सेवा संहिता में सुधार यथा सेवा निरंतरता, समस्थानिक इंडेक्स में वेतन निर्धारण, ऐच्छिक स्थानांतरण, ग्रेच्युटी, ग्रूप बीमा, सेवांत लाभ, पूर्व की सेवा पर प्रोन्नति इत्यादि लाभप्रद प्रावधानों का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। जबकि 12 पृष्ठों की नियमावली में 10 पृष्ठों में सिर्फ शिक्षकों को सजा देने के प्रावधानों का ही उल्लेख किया गया है। प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशीर कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह सेवा शर्त नियमावली के बदले दंडात्मक कारवाई नियमावली प्रतीत हो रही है।

चालू महीने में लाखों शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन अप्लाई किये हैं परन्तु स्थानांतरण का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। स्थानांतरण स्पष्ट उल्लेख नहीं होने के कारण जिन सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए अप्लाई किये है, इस नियमावली के प्रकाशित होते ही वे सभी निराश हो गये हैं। उन्हें लगता है कि कहीं उनका स्थानांतरण अब कानूनी पेंच में न फंस जाए। वहीं विशिष्ट शिक्षकों की सेवा संपुष्टि के लिए समय सीमा निश्चित ही नहीं की गई है। ऐसे में सेवा संपुष्टि को अधर में लटक दिया गया है। इससे शिक्षकों को भारी क्षति हो सकती है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने बताया कि विगत वर्षो से सेवा करने वाले कोई चर्चा नहीं है। बल्कि पूर्व की सेवा शून्य हो गई। इससे अब तक की सेवा पर मिलने वाला प्रोन्नति, वित्तीय लाभ, समस्थानिक इंडेक्स में वेतन निर्धारण सहित अन्य लाभ भी समाप्त हो गया है।

नई नियमावली में सेवा संहिता के नाम पर सिर्फ और सिर्फ दंड संहिता का व्याख्यान है। यह नियोजित शिक्षकों के लिए लाभदायक नहीं है बल्कि, अपने हितों को लेकर आन्दोलन करने तथा हक को लेकर आवाज बुलंद करने वाले शिक्षकों को रोकने का तुगलकी पुलिंदा है।

## एनडीए सरकार में हीं दलितों व वंचितों का हुआ कल्याण :जनक चमार



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल ।इंडोर स्टेडियम में बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति व कल्याण मंत्री जनक चमार द्वारा विकास मित्रों के साथ एक दिवसीय संवाद कार्यक्रम किया गया। संवाद कार्यक्रम में विकास मित्रों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सभी जिलों में 100 आसन्न वाले अनुसूचित जाति बालिका कल्याण छात्रावास निर्माण कराने का काम किया जायेगा।,साथ हीं विकास मित्रों के लिए प्रखंड स्तर पर कार्यालय कक्ष का भी निर्माण कराने की प्रक्रिया की बात चल रही है। उन्होंने अपने संबोधन में विकास मित्रों को कहा कि हमारी सरकार जब बिहार में 2005 के बाद आयी तब दलितों व वंचितों का कल्याण हुआ।

2010 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास मित्रों की बहाली हुई थी। आज जो दलित परिवार सम्मान पाने का काम कर रहे हैं,वह केंद्र की मोदी सरकार व बिहार की नीतीश कुमार के नेतृत्व में भाजपा व एनडीए गठबंधन की सरकार का नतीजा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव या नगरपालिका का चुनाव हो ,यदि कोई सरकार दलितों को उनका हक देने का काम किया है तो वह एनडीए सरकार है ।

छात्रवृत्ति से लेकर बड़े शिक्षण संस्थानों में आज जो हमारे बच्चे बच्चियां शिक्षा पा रहे हैं व एनडीए सरकार की देन है ।आज बड़ी संख्या में विकास मित्र ,टोला सेवकों,आशा कार्यकताओं,जीविका दीदी ,की बहाली हुई है वह एनडीए सरकार की देन है।हमारी सरकार हर मोर्चे पर आप सभी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

समाज के अंतिम पायदान पर रहे रहे लोगों का जीवन कैसे सुदृढ़ हो ,हम हर संभव प्रयास व कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक लालू प्रसाद के शासनकाल में आपको अधिकार से वंचित रखा गया।जनसंवाद कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, एनडीए गठबंधन के सभी जिलाध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा, भास्कर कुमार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## किशोर न्याय परिषद ने सुनाई सजा

औरंगाबाद। किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसिजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने जी. आर .संख्या -1567/10, मदनपुर थाना कांड संख्या -166/10 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक मात्र विधि विवादित किशोर को अपराध का दोषी ठहराया है और सजा सुनाई है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि विधि विवादित किशोर को प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर 15 दिन सामुदायिक सेवा में सहयोग करना होगा तथा मंदिर प्रबंधक को आदेश दिया गया है कि विधि विवादित किशोर के पन्द्रह दिन के आचरण और व्यवहार सम्बंधित रिपोर्ट बनाकर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद में समर्पित करना होगा।

## सामाजिक समरसता मंच एवं पंचदेव मंदिर समिति ने डॉ अंबेडकर के परिनिर्वाण पखवाड़ा पर स्वच्छता कर्मी सम्मान समारोह किया आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद में सामाजिक समरसता मंच अरुण नगर एवं पंचदेव मंदिर समिति समिति के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पखवाड़ा के अवसर पर स्वच्छता कर्मी सम्मान समारोह किया गया। इसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार सिंह प्रांत सह संयोजक सामाजिक समरसता दक्षिण बिहार नगर परिषद के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहां के बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। अंबेडकर जी जिस बात को अपने के लिए लोगों से कहते आ रहे थे।इस बात को आजादी के इतने साल बाद में नहीं अपनाया जा रहा है। हर व्यक्ति को शिक्षित होना होगा शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा शास्त्र है जो व्यक्ति अपने जीवन में शिक्षा को अपना लिया वह व्यक्ति का सम्मान हर जगह होगा। देवेंद्र कुमार सिंह जी ने और नगर परिषद के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता जी ने कहा कि जो लोग जीवन भर बाबा साहब के विरोध किए। वही लोग तथाकथित बाबा साहब का मौखिक समर्थक बने है लेकिन वास्तविक बात को समझना होगा कि कांग्रेस का कथनी और करनी में अंतर है जो लोग खुद से खुद को भारत रत्न दे रहे थे। वे लोग देश के वास्तविक रत्न को अपने कार्यकाल में भारत रत्न नहीं दे सके उन से जुड़े स्मृति को नहीं सहेज सके सदन में उनका तस्वीर तक नहीं लगने देने वाले कांग्रेस बाबा साहब के विचार को वास्तविक रूप से कभी नहीं अपना सकती है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर के प्रारंभिक जीवन और शिक्षा ने सामाजिक न्याय के लिए एक मुख्य नेतृत्वकर्त्ता एवं भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में उनके भविष्य की आधारशिला रखी। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को, मध्य प्रदेश के महू में, महार जाति में हुआ था। परंपरागत रूप से निम्न ग्रामीण सेवकों वाली जाति में जन्म लेने के कारण, उनकों अपने जीवन के शुरूआती वर्षों में जातिगत भेदभाव की कठोर वास्तविकताओं का सामना करना पड़ा। बचपन में सामाजिक बहिष्कार और अपमान का सामना करने के उनके अनुभव ने उनमें जाति व्यवस्था के अन्याय के खिलाफ लड़ने का गहरा संकल्प पैदा कर दिया। जमीनी स्तर आंदोलनः भारत में दलित और अन्य हाशिए पर रहने वाले समुदाय समानता और सम्मान के अपने संघर्ष में उनके जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेते रहें हैं। अंबेडकरवादी आंदोलन इसका एक प्रमुख उदाहरण है। शिक्षा और जागरूकताः डॉ. अंबेडकर के जीवन और विचारों के बारे में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयास जारी हैं। मौके पे मुख्य रूप उपस्थित रहे प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह जी नगर मंडल के अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह जी सुदाम प्रसाद, राहुल कुमार, बादल राम, उत्तम राम भोलाराम महेंद्र राम मिथुन राम, पार्वती देवी, सुग्गी देवी, कविता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## भाकपा माले नेता को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया

औरंगाबाद। भाकपा माले के पूर्व महासचिव कामरेड विनोद मिश्रा के 26 वां श्रद्धांजलि सभा रामपुर कर्मा भगवान में आयोजित किया गया और उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर उपस्थित थे कामरेड नरायण राम, सुदामा पासवान,नरेश मेहता, विजय राम, अवधेश गिरि, रामप्रसाद पासवान, ब्रह्मदेव राम, रामपति राम, कृष्णा पासवान, दिनेश राम, संजय राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी। उत्पाद आने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, शेरघाटी थाना क्षेत्र के मोहब्बत पुर गांव से 15 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है, इधर जानकारी देते हुए उत्पाद थानाध्यक्ष प्रभात विद्यार्थी ने बताया कि 15 लीटर बाइक पर लगा हुआ देसी महुआ शराब के साथ गुरुआ थाना क्षेत्र के विकास कुमार पिता महेश यादव के रूप में किया गया है, वहीं दूसरी तरफ 20 लीटर देसी में हुआ शराब के साथ संजय चौहान नमक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर करवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## गया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष कॉग्रेस पार्टी का प्रदर्शन

गया ।अखिल भारतीय कॉग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर महान स्वतंत्रता सेनानी, संविधान निमार्ता, भारतरत्न बाबासाहब डॉ भीमराव अम्बेडकर पर देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपमानजनक टिप्पणि के खिलाफ कॉग्रेस पार्टी के संसद से सड़क तक लगातार आंदोलन के तहत आज दूसरे दिन गया जिला कॉग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष धारदार प्रदर्शन किया गया है।प्रदर्शन का नेतृत्व गया जिला कॉग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने किया है।

इस कार्यक्रम में शामिल बिहार के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिद्ध, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली आदि थे।

## सीयूएसबी के शिक्षक शिक्षा विभाग में कला एवं शिल्प पर दो दिवसीय कार्यशाला ब्रुशेस एंड बियॉन्ड का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया।कला हमारे रचनात्मकता को विकसित करने और बहुआयामी सोच को पंख प्रदान करती है ' इन ज्ञानवर्धक शब्दों से मुख्य अतिथि डॉ. अजय शर्मा, सहायक प्रोफेसर, ललित कला, गया कॉलेज, गया ने शिक्षक शिक्षा विभाग, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया द्वारा कला और शिल्प पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया है। ब्रश एंड बियॉन्ड विषय पर आयोजित कार्यशाला मे उन्होंने कला और शिल्प के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के बारे में चर्चा की और मधुबनी पेंटिंग और पटना स्कूल ऑफ आर्ट जैसे कला के विभिन्न स्कूलों पर प्रकाश डाला है।कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण मे कार्यशाला का समन्वयन सीयूएसबी, गया के शिक्षक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ स्वाति गुप्ता ने किया है।इस कार्यशाला का उद्देश्य भावी शिक्षकों बीए बी. एड. और बी.एससी बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के छात्र को कलात्मक कौशल से समृद्ध करना हैं।जन सम्पर्क पदाधिकारी ने बताया कि कार्यशाला की शुरूआत शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता एवं शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर रविकांत के सम्बोधन के साथ हुआ है।इस कार्यक्रम में डॉ. किशोर, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता और डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह व अन्य संकाय सदस्यों सहयोग प्राप्त हुआ है। कार्यशाला के पहले सत्र में छात्रों को छायांकन द्वारा स्थिर चित्र को यथार्थवादी कला में बदलने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया है। पहले दिन के सत्र का समापन सभी गणमान्य व्यक्तियों और विशेषज्ञों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है।

# 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह की अनूठी पहल, 40 रजिस्ट्रेशन पूर्ण

प्रातः किरण संवाददाता



गया।गरीब और जरूरतमंद परिवारों की मदद के उद्देश्य से 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन की पहल कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने की है। आयोजन से जुड़ी तैयारियां जोरों पर हैं, और अब तक 40 कन्याओं का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है। सोसाइटी ने इस कार्य को गढ़वा और आसपास के जरूरतमंद परिवारों के लिए एक नई उम्मीद के रूप में प्रस्तुत किया है। पहल का उद्देश्य इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन गरीब परिवारों को राहत प्रदान करना है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का विवाह भव्य तरीके से नहीं कर पाते। इस प्रयास के माध्यम से न केवल उनका बोझ कम होगा, बल्कि समाज में समानता और एकता का संदेश भी जाएगा। सामूहिक विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चल रही है और इसे काफी सरल बनाया गया है।इच्छुक परिवार गढ़वा,गया स्थित कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कार्यालय में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।इसके अलावा, सोसाइटी के सचिव विकास माली से सीधे संपर्क कर मोबाइल नंबर 7979816009 पर जानकारी ली जा सकती है।इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन होगा। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया जाएगा और विवाह में सामूहिक भोज की भी व्यवस्था की जाएगी। यह आयोजन पूरी तरह निशुल्क होगा, जिससे जरूरतमंद परिवारों को किसी भी प्रकार का आर्थिक दबाव महसूस न हो।

आयोजन को लेकर जनभागीदारी बढ़ी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में स्थानीय लोगों और समाजसेवी संस्थाओं की भागीदारी बढ़ रही है। रोजाना रजिस्ट्रेशन की संख्या में इजाफा हो रहा है, जो इस पहल की सफलता का संकेत है। सोसाइटी के सचिव विकास माली ने बताया कि इस पहल को लेकर गढ़वा के लोग काफी उत्साहित हैं और कई दानदाताओं ने भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मदद की पेशकश की है।

## इनर व्हील क्लब ने डेंटल चेकअप कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया। इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी द्वारा एक डेंटल चेकअप कैंप कार्यक्रम का अयोजन किया गया,जो माध्यमिक कन्या विद्यालय, पितामहेश्वर में हुआ है।

बच्चों को दांतों की सफाई ,के साथ साथ किस प्रकार हम दांतों का केयर करे दंत चिकित्सक,डॉ सुप्रिया गुप्ता द्वारा बताया गया है और साथ में बच्चों में ओरल हेल्थ से जुड़े कई बातों की जानकारी दी गई है । बच्चों का फ्री डेंटल चेकअप भी किया गया जिसमें सभी उम्र के बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में क्लब द्वारा डेंटल किट दिया गया है ।,इस प्रोग्राम द्वारा बच्चो को यह अवगत कराना था कि बच्चे किस प्रकार, ओरल केयर करे।यह कार्यक्रम हर वर्ष क्लब द्वारा किया जाता है।

यह कार्यक्रम अध्यक्षा मुक्ता अग्रवाल के देखरेख में संपन्न हुआ और क्लब की सदस्य में पीपी आशा मित्तल, कोषाध्यक्ष शोभा कंधवे, अनिता अग्रवाल ,निशा भदानी और संपादिका प्रीति कुमारी उपस्थित थीं।

## पटना एवं गया से प्रयागराज जं. के लिए कुंभ मेला स्पेशल का परिचालन होगा

गया। महाकुंभ के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल द्वारा निम्न कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा ।1.गाड़ी सं. 03219 पटना-प्रयागराज जं. कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी तथा 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 एवं 28 फरवरी, 2025 को किया जाएगा ।2.गाड़ी सं. 03220 प्रयागराज जं.-पटना कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी तथा 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 एवं 28 फरवरी, 2025 को किया जाएगा ।गाड़ी सं. 03689 गया-प्रयागराज जं. कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी तथा 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 एवं 28 फरवरी, 2025 को किया जाएगा । गाड़ी सं. 03690 प्रयागराज जं.-गया कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिनांक 10, 11, 17, 18, 25, 26, 27 जनवरी तथा 08, 09, 10, 16, 17, 18, 22, 24, 25, 27 एवं 28 फरवरी, 2025 को किया जाएगा ।

## नवाचार और उसके वित्तीय मूल्य के बीच की खाई को पाटने में बौद्धिक संपदा अधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका :कुलपति

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव के आयोजन के एक हिस्से के रूप में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस एसएलजी द्वारा विचारों को नवाचार की ओर ले जाना विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया गया है । सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में यह कार्यक्रम वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, एनआईपीएएम, सीएसआईआर और एनआरडीसी के सहयोग से आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम बौद्धिक संपदा अधिकारों पर विशेष जोर देते हुए विचारों को नवाचार की ओर ले जाने की थीम पर केंद्रित था।शुरूआत में एसएलजी के प्रमुख एवं डीन प्रो. एसपी श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में मुख्य वक्ता डॉ. नितिन तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया है । आगे मुख्य वक्ता पंजीकृत भारतीय पेटेंट एजेंट प्रिंसिपल साइंटिस्ट और सीएसआईआर के बौद्धिक संपदा विंग की प्रमुख डॉ. नितिन तिवारी ने एक व्यावहारिक भाषण दिया, जिसमें छात्रों को बौद्धिक संपदा अधिकारों आईपीआर की समझ विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। उन्होंने छात्रों को बौद्धिक कार्य, वित्तीय परिणामों और आईपी अधिकारों की सुरक्षा के बीच महत्वपूर्ण संबंध के बारे में जागरूक करने के महत्व को रेखांकित किया। अपने भाषण के दौरान, डॉ. तिवारी ने कार्यक्रम की संरचना की सराहना की और कार्यक्रम के आयोजन में उनके समर्पित प्रयासों के लिए प्रोफेसरों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को साझा लिंक के माध्यम से सार्थक प्रतिक्रिया प्रदान करके सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जो भविष्य की पहलों को निखारने में मदद करेगा। डॉ. तिवारी ने टिप्पणी की, नवाचार और उसके वित्तीय मूल्य के बीच की खाई को पाटने में आईपीआर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बौद्धिक संपदा की रक्षा न केवल निमार्ता के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि विकास और रचनात्मकता के पारिस्थितिक तंत्र को भी बढ़ावा देती है। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि कार्यक्रम समन्वयक और नोडल अधिकारी झ्र एनआईपीएएम, प्रोफेसर अशोक कुमार ने रचनात्मकता को बढ़ावा देने और नवाचार की रक्षा करने में बौद्धिक संपदा अधिकारों की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में कार्यक्रम को संबोधित किया और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने उपस्थित लोगों को समर्थ भारत के बैनर तले राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन एनआईपीएएम के साथ संस्थान के सहयोग के बारे में बताया एक दृष्टि जिसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा में जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा, इस तरह की पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है जो समाज की भलाई के लिए नवाचार और रचनात्मकता का लाभ उठाए। प्रो. कुमार ने बताया कि सीयूएसबी आईपीआर के लाभों और अधिकार-धारकों और बड़े पैमाने पर जनता के लिए उनके मूल्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिहार राज्यव्यापी प्रचार कार्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है। एस एल जी के छात्रों के साथ-साथ विभाग के प्राध्यापक क्रमशः प्रो. पी. के. मिश्रा, प्रो. पी. के. दास, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. देव नारायण सिंह, डॉ. पल्लवी आदि थे।



# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप रोमांचक रेस में 5 टीमें

दुबई (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्षा से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ और रोमांचक हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 5 दावेदार रेस में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम ना तो फाइनल में जगह बना पाई है और ना ही पूरी तरह से बाहर है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अभी भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान दूसरों के भरोसे अभी भी रेस में हैं।

## दो मैच जीतकर फाइनल में पहुंच सकता है भारत

भारत के लिए सबसे सरल समीकरण है कि वो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी खेल पाएगी। सीरीज 3 अभी एक-एक की बराबरी पर है।

## भारत को फाइनल में पहुँचने के लिए 2 मैच जीतने होंगे

- **2 जीत और 1 ड्रॉ से फाइनल खेलेंगा ऑस्ट्रेलिया -** ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की आवश्यकता है। यदि कंगारू भारत के खिलाफ अपने शेष दो टेस्ट में केवल ड्रॉ करते हैं तो उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की आवश्यकता होगी ताकि वे 58.77 पर समाप्त हों, जो भारत (57.02) से आगे होगा। अन्यथा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।
- **श्रीलंका अन्य टीमों पर निर्भर-** श्रीलंका टीम ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2-0 की श्रृंखला जीत के साथ अधिकतम 53.85 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलि को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। श्रीलंका हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारा है।
- **पाकिस्तान सिर्फ गणितीय संभावना से रेस में-** चार में से चार जीत के साथ भी पाकिस्तान 52.38 पर समाप्त होगा, जो कि द. अफ्रीका के 52.78 से थोड़ा कम होगा। हालांकि कई परिणामों के पाकिस्तान के पक्ष में जाने के पर दूसरे स्थान पर रहना संभव है। हालांकि पाकिस्तान के इस मोड़ पर पूरी तरह से बाहर होने की संभावना है।

## दक्षिण अफ्रीका के लिए 2 मैचों में से एक जीतना जरूरी

दक्षिण अफ्रीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा। अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उसे पार कर सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफ्रीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक निश्चित रूप से अपने बचे हुए मैचों में उस अंक को पार कर लेगा।

---

विजय हजारे ट्राफी

## शुरूआती मुकाबले से हटे मोहम्मद शमी, रोहित का बयान फिर चर्चा में

कोलकाता (एजेंसी)। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शनिवार को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ बंगाल के विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले में आराम दिया जायेगा। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। भारत के लिए अंतिम दफा 2023 वनडे विश्व कप में खेलने वाले शमी ने टखने की सर्जरी के बाद लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वह तब से बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में चोट से उबर रहे थे। उन्होंने बंगाल के लिए शानदार वापसी कर सात विकेट झटके और टीम को इस रणजी ट्रॉफी सत्र में पहली जीत दिलाने में मदद की।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नौ विकेट झटके। हालांकि उनके घुटने



में सूजन अब भी चिंता का विषय बनी हुई जो घरेलू टी20 प्रतियोगिता के दौरान हुई थी। ब्रिस्बेन में ड्रॉ हुए तीसरे टेस्ट के बाद शमी की उपलब्धता के बारे में लगातार पूछे जाने पर रोहित शर्मा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) से किसी को उनके बारे में बात करनी चाहिए कि वह कहां रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। उन लोगों को ही आकर हमें कुछ अपडेट देने की जरूरत है।

रोहित ने कहा कि मैं समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन उनके घुटने को लेकर भी कुछ चिंतायें हैं। हम तब तक कोई जोखिम नहीं लेंगे जब तक कि हम उनकी फिटनेस के बारे में 200 प्रतिशत सुनिश्चित नहीं हों। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी की भागीदारी को चैंपियंस ट्रॉफी सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

---

# अच्छा है, हम 5 साल बाद भारत में टी20 सीरीज जीते हैं : स्मृति मंधाना

मुंबई (एजेंसी)। रिचा घोष (54) ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (77) ने भी अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 60 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। भारतीय महिला टीम ने अक्टूबर 2019 के बाद घरेलू सरजमीं पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती है।



टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज बनी स्मृति मंधाना ने कहा कि 5 साल हो गए हैं जब से हमने भारत में कोई टी20 सीरीज नहीं जीती है। हमें 5 साल बाद ऐसा करने का मौका मिला। अभी सही काम करते रहने की जरूरत है। जिस तरह की बल्लेबाजी लाइन-अप है, हमारे पास कुछ नए युवा खिलाड़ी हैं। इसलिए जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। गेंद की टाइमिंग से ज्यादा मैं स्थिति के अनुसार खेलने में अपना दिमाग लगाने की कोशिश करती हूं। ऋचा घोष की बल्लेबाजी का तरीका पसंद आया। आज जिस तरह से लड़कियां आगे बढ़ीं, उन्होंने बहुत इरादा दिखाया। मैं अपना दूसरा या तीसरा मैच खेलते हुए ऐसा नहीं कर पाती।

उधर, प्लेयर ऑफ द मैच बनी ऋचा घोष ने कहा कि आज हमें अच्छी शुरुआत मिली। मंधाना ने जिस तरह से खेला, मैंने वैसा ही करना जारी रखा। मैं नेट्स में भी इसी तरह खेलता हूं। जब गेंद स्लॉट में होती है तो मुझे उसे मारना पसंद है। अच्छा लग रहा है क्योंकि हम सभी ने टीम की जीत में योगदान दिया। मेरे योगदान से भी खुश हूं।

## ऐसा रहा मुकाबला

कप्तान स्मृति मंधाना (77) और ऋचा घोष (54) रनों की आतिशी पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज की महिला टीम को जीत के लिए 218 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम को टॉप क्रम ने अच्छी शुरूआत दी लेकिन मध्यक्रम में हेनरी के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज का बल्ला नहीं चला जिससे विंडीज ने यह मुकाबला 60 रन से गंवा दिया। भारत ने पहले टी20 49 रन से जीता था। दूसरे टी20 में विंडीज ने वापसी करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की थी। अब आखिरी निर्णायक टी20 में भारत ने जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली है।

---

# पाकिस्तान ने अफ्रीका को 81 रन से हराया

### शाहीन अफरीदी-नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी; कामरान गुलाम प्लेयर ऑफ द मैच

केप टाउन (एजेंसी)। पाकिस्तान ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 81 रन से हराया। पाकिस्तान ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है।

केप टाउन में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 49.5 ओवर में 329 रन बनाए, लेकिन इसके जवाब में मेजबान साउथ अफ्रीका 43.1 ओवर में 248 रन ही बना सकी। अर्धशतक लगाने वाले कामरान गुलाम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



**कामरान, बाबर और रिजवान ने लगाए अर्धशतक-** इससे पहले, पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और कामरान गुलाम ने तेज पारी खेली। उन्होंने पहले 25 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर 32 गेंदों पर 5 छक्के और 4 चौकों की मदद से 63 रन बनाए। पाकिस्तान के कप्तान रिजवान ने भी कप्तानी पारी खेली और 3 छक्के व 7 चौकों की मदद से 80 रन बनाए जबकि बाबर आजम ने 73 रन की अच्छी पारी खेली। इस मैच में पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज सईम अयूब के बल्ले से 25 रन निकले। साउथ अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके जबकि टीम के ऑलराउंडर मार्को यानसेन को 3 सफलता मिली।

**क्लासेन और डेविड मिलर के बीच 72 रन की साझेदारी-** 329 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उनका पहला विकेट 34 रन पर ही गिर गया।

## शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी

शाहीन अफरीदी और नसीम शाह ने शानदार गेंदबाजी की। अफरीदी ने 8 ओवर में 47 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं नसीम शाह ने 8.1 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट लिए। अबरार अहमद को 2 जबकि सलमान आगा को एक सफलता मिली।

---

# आखिरी 2 टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान

- मैकस्वीनी-हेजलवुड बाहर, कोंस्टास को पहली बार मौका, रिचर्ड्सन की वापसी, 19 साल के सैम कोंस्टास टीम में शामिल

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें 2 बड़े बदलाव किए गए हैं। पहले तीन टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने वाले नाथन मैकस्वीनी को चयनकर्ताओं ने स्क्वॉड से बाहर कर दिया है, जबकि 19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास को पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

वहीं, चोट से जूझ रहे जोश हेजलवुड को भी टीम में जगह नहीं मिली है।



इसके अलावा तीन साल के बाद तेज गेंदबाज झाय रिचर्ड्सन की वापसी हुई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा, वहीं आखिरी और पांचवां मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई प्राइम मिनिस्टर इलेवन टीम से खेलने वाले 19 साल के ओपनिंग बल्लेबाज सैम कोंस्टास को पहली बार मौका मिला है। कोंस्टास ने उस पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में शतकीय पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

## रिचर्ड्सन को तीन साल बाद मौका

रिचर्ड्सन को तीन साल के बाद टेस्ट टीम में मौका मिला है। रिचर्ड्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला दिसंबर, 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ हुई एशेज सीरीज में एडिलेड के मैदान पर खेला था।

## आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्ड्सन, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

---

अंडर-19 महिला एशिया कप

# भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब खिताब पर नजरें



कुआलालंपुर (एजेंसी)। बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।

---

सनवे सिट्जस ब्लिट्ज़

## भारत के इलामपारथी रहे उपविजेता, ईरान के महदी बने विजेता

बार्सिलोना (एजेंसी)। दुनिया के प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में शुमार सनवे सिट्जस इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव में इस क्लासिकल के साथ साथ रैपिड और ब्लिट्ज़ के मुक़ाबले भी खेले जा रहे है और कल इसमें सम्पन्न हुए इंटरनेशनल ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट में 31 देशो के करीब 100 चुनिन्दा खिलाड़ियों नें भाग लिया और इसमें भारत के उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी एआर इलामपारथी नें शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

---

# चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी।



महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा, 'मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है। पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने नहीं जाएंगे।

यह व्यवस्था चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिए जाने से इनकार कर दिया था। भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम बारी ने कहा, 'मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि उनके खिलाड़ियों और प्रशंसकों का यहां आने पर जबर्दस्त इस्तकबाल होता। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान ने कहा, 'पीसीबी को एक और आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिलना पाकिस्तान क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचीं दमकल की 20 से ज्यादा गाड़ियां



**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के गुरुग्राम में साइबर सिटी के कादीपुर औद्योगिक क्षेत्र की गली नंबर आठ में प्लास्टिक के गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना तड़के चार बजे की है। आग तेजी से फैल गई और पास की गली में खड़ा एक कैंटर भी आग की चपेट में आ गया। वहीं, आग लगने की सूचना के बाद सेक्टर 37 दमकल केंद्र के अलावा भीमनगर, सेक्टर 29 और उद्योग विहार दमकल केंद्र से 20 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंची। आग लगने के बाद इसका धुआं और लपटें दूर तक दिखाई दीं।

### भयंकर आग से दहला इलाका, धुएं से घुट रहा था दम; तस्वीरों में देखें कैसे जलकर राख हुआ ट्रक

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा में गुरुग्राम के कादीपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र की गली नंबर 8 में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया। जब लोगों ने आसमान में चारों ओर धुआं ही धुआं देखा। इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं, भीषण आग लगने के दौरान लोगों ने ऊंची-ऊंची लपटें देखी तो हर कोई दहशत में आ गया। इतना खौफनाक मंजर था कि लोग सहम उठे।

### कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर कांग्रेसी सीएम थे... पढ़ाई के जज्बे पर बॉलीवुड भी हुआ था फिदा

**चंडीगढ़,एजेंसी।** ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल के बेटे थे। ओम प्रकाश को साल 2012 में जेबीटी भर्ती घोटाला में दोषी करार देते हुए तिहा? जेल में 10 साल के लिए कारावास की सजा सुनाई गई थी। ओम प्रकाश चौटाला के निधन से हरियाणा की राजनीति के एक युग का अंत हो गया। देवीलाल के सबसे बड़े बेटे ओमप्रकाश चौटाला जाट राजनीति के दिग्गजों में थे। बारहवीं पास चौटाला पांच बार हरियाणा की कमान संभाल चुके थे। हालांकि वे केवल एक ही बार अपना कार्यकाल पूरा कर पाए। चौटाला पहले गैर कांग्रेसी सीएम थे जिन्होंने कार्यकाल पूरा किया था। वे 1989 में पहली बार सीएम बने थे। ओमप्रकाश चौटाला का जन्म एक जनवरी, 1935 को हुआ। शुरुआती शिक्षा के बाद ही चौटाला ने पढ़ाई छोड़ दी थी। ओमप्रकाश चौटाला पिता देवीलाल के जेल जाने के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए थे। इसका उन्हें हमेशा मलाल रहा। जेबीटी भर्ती घोटाले में जब वे तिहाड़ जेल में बंद थे तो उन्होंने दसवीं की परीक्षा पास की थी। उन्होंने दसवीं पास करने को अपने आत्मसम्मान से जोड़ लिया था। जेल में दिन-रात पढ़ाई की और परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल रहे। वह आठवीं पास थे, उनका सपना था कि दसवीं की पढ़ाई पूरी करें।

### यू-ट्यूबर ने कॉलर पकड़कर दनादन जड़े थप्पड़, माफी मांगता रहा शख्स पर नहीं आया तरस

**नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में फेस-3 थाना क्षेत्र में यूट्यूबर राजीव सिसोदिया का सड़क किनारे एक व्यक्ति का कॉलर पक? कर कई बार थप्पड़ जड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बुधवार को पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित यू-ट्यूबर की तलाश कर रही है। वायरल वीडियो 35 सेकंड का है। इसमें पीड़ित व्यक्ति कई बार चांटे खाने के बाद यू-ट्यूबर राजीव से माफी भी मांगता नजर आ रहा है, लेकिन आरोपी काफी देर तक उसे नहीं छोड़ता है।

# हाईकोर्ट ने लगाई फटकार- एसएसपी की मौजूदगी में फाड़ दिया नामांकन

**चंडीगढ़, एजेंसी।**

हाईकोर्ट में पटियाला चुनाव को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट को बताया गया कि चुनाव के लिए नामांकन भरने से याची को रोक दिया गया और कागज फाड़ दिए गए। पटियाला में नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया के दौरान एसएसपी की मौजूदगी में विपक्ष के लोगों के नामांकन पत्र फाड़ने के मामले में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव व डीजीपी को जमकर फटकर लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि एसएसपी की मौजूदगी में ऐसा हुआ, दुर्भाग्यपूर्ण है, क्या सरकार संविधान और कानून से भी ऊपर है। हाईकोर्ट में पटियाला चुनाव को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट को बताया गया कि चुनाव के लिए नामांकन भरने से याची को रोक दिया गया और कागज फाड़ दिए गए। कोर्ट में इसका वीडियो भी पेश किया गया, जहां एसएसपी मौजूद दिखे। इस पर पंजाब के डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी को हाईकोर्ट ने तलब कर लिया। दोपहर दो बजे दोनों अधिकारी वीसी के जरिये हाईकोर्ट में पेश हुए।




हाइकोर्ट ने डीजीपी और चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि आपने वीडियो देखे हैं, जिसमें धक्केशाही साफ नजर आ रही है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने अभी देखे हैं और उस पर कार्रवाई की जा रही है। हाईकोर्ट ने पूछा कि कब तक कार्रवाई होगी, दोनों ने कहा जल्द से जल्द। हाईकोर्ट ने कहा कि एसएसपी की मौजूदगी में ये सब हुआ है, कार्रवाई क्या की गई है। चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि जांच की जा रही है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर ऐसे ही होना है तो चुनाव करवाने की क्या जरूरत है। चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि वे अधिकारियों की भूमिका की जांच करेंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि कैसे पुलिस अधिकारियों के सामने नॉमिनेशन फाड़े गए, इतनी धक्केशाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। चीफ सेक्रेटरी ने कहा जिस अधिकारी की भूमिका सामने आई उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हाईकोर्ट ने कहा कि लोगों को चुनाव लड़ने ही नहीं दिया जा रहा, यह सीधे तौर पर लोकतंत्र के खिलाफ है, अगर ऐसे ही चलेगा तो चुनाव पर रोक लगाई जा सकती है। पंचायत चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था, संविधान सबसे ऊपर है। जब लोगों को चुनाव में भाग ही नहीं लेने दिया जा रहा तो लोकतंत्र कैसे रहेगा। इस दौरान पंजाब के एडवोकेट जनरल को वीडियो दिखाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि देखो क्या हो रहा है, बाघा पुराना और धर्मकोट में भी विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को नामांकन भरने नहीं दिया गया। एजी ने कहा कि सभी मामलों में कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी और पुलिस की मौजूदगी में ऐसा हो रहा है तो बड़े ही दुर्भाग्य की बात है।

## दो युवतियां रेस्क्यू...चार फरार, गाजियाबाद में देह व्यापार का भंडाफोड़; ऐसे हुआ मामले का पर्दाफाश

**गाजियाबाद, एजेंसी।**

देह व्यापार की सूचना पर बृहस्पतिवार को दुहाई में हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों के साथ पुलिस की टीम ने छापा मारा। इस दौरान दो युवतियों को रेस्क्यू किया गया और दो युवकों को पकड़ा गया है। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी ने बताया कि दुहाई में शाहपुर रोड के पास स्थित होटल ग्रीन वैली में देह व्यापार की सूचना मिली थी। होटल का एक वीडियो भी मिला था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर दो युवतियों को रेस्क्यू किया और दो युवकों को पकड़ा गया। चार युवतियां मौके से भाग निकलीं। उन्होंने मांग की है कि होटल को सील किया जाए, देह व्यापार में संलिप्त अन्य आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाए। एसएचओ मधुबन - बापूधाम ने बताया कि इस मामले में पुलिस की ओर से रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। होटल को सील करने के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए आरोपित मसूरी के वीरेंद्र और गुलफाम हैं। होटल संचालक मसूरी का शुभम है। नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक टेंट कारोबारी को धमकी दी व उसके चालक के साथ मारपीट की गई है। जिसकी शिकायत कारोबारी दिनेश त्यागी ने पुलिस को देकर बताया कि बृहस्पतिवार सुबह उनका ड्राइवर रितेश नंदग्राम से टेंट का सामान लेकर आ रहा था। अज्ञात स्कूटी सवार पीछे से हॉर्न देता हुआ आ रहा था। उसने गाड़ी के सामने स्कूटी रोक दी। चालक रितेश ने गाडी साइड में लगा ली और उसे स्कूटी सवार ने गाड़ी से नीचे खीचकर पीटना शुरू कर दिया। फिर कुछ देर बाद पीडित के ऑफिस पर गाड़ी में कुछ लोग आए और गाड़ी चालक को डंडों से पीटकर मौके से फरार हो गए। उन्होंने टेंट कारोबारी को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित दिनेश त्यागी की शिकायत पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुलिस को सीधे चुनौती दे रहे आतंकी, 26 दिन में सात हमलों का आखिर क्या है मकसद

**चण्डीगढ़-पंजाब, एजेंसी।** पंजाब में एक महीने में सात अलग-अलग पुलिस थाने व चौकियों पर ग्रेनेड हमला हो चुका है। इन हमलों में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ऐसे में इन धमाकों के पीछे का मकसद ढूंढने में पुलिस जुट गई है। गृह मंत्रालय ने भी इस मामले में डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। पंजाब में बीते 26 दिनों में पुलिस थानों पर 7 ग्रेनेड हमले हो चुके हैं। गुरुवार सुबह करीब 4 बजे गुरदासपुर के बख्शीवाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ। अब गृह मंत्रालय ने पंजाब डीजीपी गौरव यादव से इन ग्रेनेड हमलों के पीछे के अब तक के इनपुट मांगे हैं। पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पुलिस को खालिस्तानी आतंकी संगठनों द्वारा बड़े हमले को लेकर आशंका जताई है। इसी कड़ी में चंडीगढ़ में पंजाब पुलिस और चंडीगढ़ पुलिस हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में पुलिस थानों और चौकियों पर ग्रेनेड हमला कर खालिस्तानी आतंकी संगठन सीधे तौर पर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। दरअसल इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन प्रदेश




के लोगों में न केवल डर का माहौल बनाना चाहते हैं, बल्कि स्पष्ट तौर पर यह संदेश भी देना चाहते हैं कि अगर पंजाब के थाने-चौकियों के साथ पुलिस सुरक्षित नहीं है तो जनता कैसे सुरक्षित होगी। कनाडा में 18 जून 2023 को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से बब्बर खालसा इंटरनेशन, खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स, खालिस्तार टाइगर फोर्स और अन्य संगठन भारत में विशेषकर खालिस्तानी मूवमेंट को जिंदा रखने के लिए अपने स्लीपर सेल्स को इन ग्रेनेड हमलों के साथ न केवल एक्टिव कर रहे हैं, इन हमलों की आड़ में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लेने के लिए भी बड़ी प्लानिंग की जा रही है। गृह मंत्रालय के साथ लगातार ग्रेनेड हमलों को लेकर इनपुट साझा किए जा रहे हैं, जल्द ही हमले में इस्तेमाल किए जा रहे एक्सपलोसिव यानी ग्रेनेड की फॉरेंसिक रिपोर्ट भी साझा की जाएगी।

## दिल्ली चिड़ियाघर में बड़ी लापरवाही!

### एक और चिंकारा की मौत, खतरे में क्यों है जानवरों की जान?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

चिड़ियाघर में वन्यजीवों के संरक्षण में बरती जा रही लापरवाही के चलते एक और विलुप्तप्राय चिंकारा की मौत का मामला सामने आया है। चिंकारा की आपस में काफी देर तक चलने वाली लड़ाई में पिछले 7 महीने के दौरान 2 चिंकारा की मौत हो चुकी है। इसी प्रकार 2 मादा भेड़ियों के बीच हुई लड़ाई में एक की मौत हुई थी। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए ही जू में सभी बाड़ों पर लाखों रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मगर निगरानी के अभाव में वन्यजीवों की मौत हो रही है। यह स्थिति तब है, जब सेंट्रल जूलॉजिकल अथॉरिटी (छ्ष्ं) ने वन्यजीवों के हिंसक होने पर उन्हें अलग-अलग क्लोन या एरिना (दर्शकों के वन्यजीवों को देखने की जगह) में रखने का नियम बनाया हुआ है। जू प्रशासन ने भी इस नियम को लागू किया हुआ है। मगर संबंधित अधिकारी



अभी तक उस नियम का पालन नहीं कर पा रहे हैं। 2 चिंकारा की आपसी लड़ाई में एक की मौत हुई है। मरने वाला एडल्ट नहीं था। उन्होंने बताया कि 2 अन्य नर चिंकारा को अलग-अलग एरिना में रखा गया है। जरूरत पड़ने पर दूसरे इंतजाम भी किए जाएंगे। चिड़ियाघर के सूत्रों के अनुसार, 14 दिसंबर को दोपहर का भोजन करने के बाद दो चिंकारा आपस में लड़ पड़े थे। बड़े चिंकारा ने छोटे की छाती और सिर पर घातक हमला किया था। बताया जाता है कि उसकी वहीं पर मौत हो गई थी। इससे पहले 4 जून को 2 चिंकारा आपस में हिंसक हो गए थे। उस समय एक चिंकारा की आंत में गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई थी। अब जू में 7 चिंकारा ही जीवित बचे हैं। उनमें से 3 मादा हैं। जू में होने वाली किसी आपदा या गड़बड़ी को रोकने के उद्देश्य से 2021-22 में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे वन्यजीवों के बड़ों के अंदर, बाहर और रास्तों में लगाए गए थे। मगर जरूरत पड़ने पर उनकी निगरानी नहीं होती या सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग नहीं मिलती। इस साल सीसीटीवी कैमरे की निगरानी नहीं होने के कारण 3 वन्यजीवों की आपस में लड़ाई के दौरान हुई मौत के अलावा पिछले साल डायरेक्टर के घर के सामने से एक दर्जन से अधिक चंदन के पेड़ काट कर चोर ले गए थे।

## एक फोन से जंग रोक दूंगा, ट्रंप यूं ही नहीं बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, पुतिन का ये बयान तो ऐसा ही संकेत दे रहा

**रूस, एजेंसी।** रूसी सेना अग्रिम मोर्चे पर आगे बढ़ रही है और स्थिति तेजी से बदल रही है। पुतिन ने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने माना कि देश में महंगाई 9.3त्न के उच्च स्तर पर है, लेकिन उन्होंने इसे कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के प्रयासों का भी जिक्र किया। रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि आम नागरिकों ने शो से पहले 20 लाख से अधिक सवाल पेश किए थे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वह अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में यूक्रेन युद्ध पर समझौता करने के लिए तैयार हैं, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चर्चा के लिए कोई पूर्व शर्त नहीं है लेकिन किसी भी सौदे में वैध यूक्रेनी अधिकारियों को शामिल किया जाना चाहिए। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने कहा कि रूस राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की समेत किसी से भी बातचीत के लिए तैयार है। अपने वार्षिक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान राज्य टीवी पर सवालों के जवाब देते हुए, पुतिन ने एक अमेरिकी समाचार चैनल के रिपोर्टर से कहा कि उन्होंने वर्षों से ट्रम्प के साथ बात नहीं की है, लेकिन संघर्ष पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि रूसी सेना अग्रिम मोर्चे पर आगे बढ़ रही है और स्थिति तेजी से बदल रही है। पुतिन ने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने माना कि देश में महंगाई 9.3त्न के उच्च स्तर पर है, लेकिन उन्होंने इसे कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के प्रयासों का भी जिक्र किया। रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि आम नागरिकों ने शो से पहले 20 लाख से अधिक सवाल पेश किए थे।

पुतिन ने कहा कि वह सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद से अभी तक नहीं मिले हैं, जिन्हें मॉस्को में शरण दी गई है। हालांकि उनकी मुलाकात की योजना है और वह उनसे मिलने पर उस अमेरिकी पत्रकार ऑस्टिन टाइस की स्थिति के बारे में भी पूछेंगे जो 12 साल पहले सीरिया में लापता हो गया था। के बारे में पूछेंगे।

## श्री श्री रविशंकर पहले विश्व ध्यान दिवस पर संयुक्त राष्ट्र में मुख्य भाषण देंगे

**न्यूयार्क, एजेंसी।**

यह वैश्विक ध्यान अभियान के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। अधिकारियों ने कहा कि भारत ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने की पहल का नेतृत्व करके वैश्विक कल्याण में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के नेतृत्व में किया गया यह ऐतिहासिक प्रयास, विश्व के साथ अपने प्राचीन ज्ञान को साझा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अधिकारियों ने बताया कि यह तिथि भारतीय परंपरा के अनुसार उत्तरायण शुरू




होने पर पड़ती है, जो वर्ष का एक शुभ समय है और 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्टीय योग दिवस का पूरक है।

# इजराईल के खिलाफ उतरे 8 मुस्लिम देश, भारत का रुख देखने वाला होगा!

**जेरूस्लम, एजेंसी।**

संगठन का पूरा नाम डी8 आर्गनाइजेशन संगठन का पूरा नाम डी8 आर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोरऑपरेशन है। साल 1997 में मुस्लिम देशों की आर्थिक तरक्की के लिए बना ये समूह एक मामले में खास है कि केवल इन्हीं आठ देशों की कुल आबादी सवा अरब है, जो दुनिया की मुस्लिम आबादी के 60 फीसदी जितनी है। इसमें अरब देश जैसे सऊदी अरब, इराक, सीरिया, कतर और यूएई शामिल नहीं हैं। फॉर इकोनॉमिक कोरऑपरेशन है। साल 1997 में मुस्लिम देशों की आर्थिक तरक्की के लिए बना ये समूह एक मामले में खास है कि केवल इन्हीं आठ देशों की कुल आबादी सवा अरब है, जो दुनिया की मुस्लिम आबादी के 60 फीसदी जितनी है। इसमें अरब देश जैसे सऊदी अरब, इराक, सीरिया, कतर और यूएई शामिल नहीं हैं।

आठ मुस्लिम देशों के ग्रुप डी 8 की इजिप्ट में बड़ी बैठक हो रही है। पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत इस बैठक में तुर्किए और ईरान जैसे देश भी हिस्सा ले रहे हैं। आर्थिक मुद्दों के अलावा इस बैठक में मुस्लिम देश फिलिस्तीन मुद्दे को भी उठाया जा सकता हैं। खासकर सीरियाई तख्तापलट के बाद इजरायल जिस तरह से आक्रमक हुआ है, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये देश इजरायल के खिलाफ भी कोई प्रस्ताव ला सकते हैं। विकासशील मुस्लिम देशों के संगठन में पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, नाइजीरिया, इजिप्ट, तुर्किए और ईरान शामिल है। संगठन का पूरा नाम डी8 आर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोरऑपरेशन है। साल 1997 में मुस्लिम देशों की आर्थिक तरक्की के लिए बना ये समूह एक मामले में खास है कि केवल इन्हीं आठ देशों की कुल आबादी सवा अरब है, जो दुनिया की मुस्लिम आबादी के 60 फीसदी जितनी है। इसमें अरब देश जैसे सऊदी अरब, इराक, सीरिया, कतर और यूएई शामिल नहीं हैं।

दक्षिण पूर्व एशिया से अफ्रीका तक फैले देशों का पहला एजेंडा आर्थिक बढ़त था। फिर इसमें सोशल मुद्दे भी शामिल होने लगे। इस बार इसमें ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन भी हिस्सा ले रहे हैं। ये एक दशक बाद किसी ईरानी लीडर की पहली इजिप्ट यात्रा है।



जिसके कई मायने लगाए जा रहे हैं। ईरान और इजिप्ट का रिश्ता आमतौर पर काफी तनाव भरा रहा है। इसकी शुरुआत 70 के दशक में इस्लामिक क्रांति के साथ हो चुकी थी। इजिप्ट जहां विकास की बात करता था। वहीं ईरान कट्टरता की तरफ जा चुका था। ऐसे में दोनों के संबंध बिगड़ते चले गए। बाद में कॉमन मित्र ने दोनों के बीच दोस्ती की कोशिश की। हालांकि तनाव कम नहीं हुए। अब इजरायली आक्रमकता के बीच दोनों देश वापस जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, ये बदलाव पिछले साल भर में आया है। हमास और इजरायल की जंग शुरू होने के बाद इजिप्ट ने भी बीच बचाव की कोशिश की। इसके बाद ईरान और उसके बीच पड़ी गांठ हल्की होती दिखाई दे रही है। आप में काफी बड़ी बात मानी जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि आर्थिक के अलावा इस बैठक में क्षेत्रीय मसलों पर भी चर्चा की जाएगी। काहिरा में विकासशील आठ (डी-8) देशों के 11वें शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के सामाजिक आर्थिक विकास और प्रगति के लिए युवाओं में निवेश करना महत्वपूर्ण था। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रधान मंत्री शहबाज़ ने कहा पाकिस्तान के लिए, युवाओं में निवेश करना और एसएमई (छोटे और मध्यम उद्यमों) का समर्थन करना हमारे सामाजिक आर्थिक विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129